रोहतक
मंगलवार 31 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 55
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.3
न्यून. 18.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रेवाड़ी में पेड़ गिरने से रेलवे ट्रैक कई घंटे बाधित रहा।

# प्रदेश में अंधड़-बारिश, पेड़ गिरे, फसलों को नुकसान

**हिसार/रेवाड़ी।** प्रदेश के कई जिलों में सुबह तेज धूप निकलने के बाद अचानक मौसम बदल गया। दोपहर करीब 12 बजे तक सोनीपत, पानीपत, हिसार, गुरुग्राम, जींद सहित कई जगहों पर हल्की धूप छाई रही। करीब एक बजे के बाद गुरुग्राम, हिसार, नारनौल, महेंद्रगढ़ में बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके साथ-साथ कई जिलों में तेज अंधड से पोल और पेड़ गिर गए। रेवाड़ी में पेड़ गिरने से लाइन का पेंटालीवर क्षतिग्रस्त होने से दिल्ली से बीकानेर के बीच चलने वाली कई ट्रेनों को रास्ते में ही रोकना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, 31 मार्च तक कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रोहतक में सबसे अधिक 36.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, महेंद्रगढ़ में सबसे कम 18 डिग्री सेल्सियस न्यू. तापमान रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

### किसानों की बढ़ी चिंता

बारिश ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि कई जिलों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। तेज हवा-बारिश से गेहूं का दाना हल्का पड़ सकता है।

### ओले गिरने की चेतावनी

मौसम विभाग ने नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी और झज्जर में बूंदाबांदी के साथ ओले का भी अलर्ट जारी किया है। 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

**31 मार्च :** कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# 160 करोड़ के बैंक घोटाले में एसीबी का एक्शन, कोटक महिन्द्रा व एयू बैंक की ब्रांचों का नहीं खुलने दिया शटर

**सोनीपत व रोहतक समेत कई जिलों में काम रहा प्रभावित, बैंक ने 127 करोड़ लौटाए**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में लगभग 160 करोड़ के गबन को लेकर सरकार ने एक्शन लिया है। सोमवार सुबह पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, भिवानी और रोहतक में बैंकों की ब्रांच के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई। किसी भी ब्रांच में कर्मचारियों को शटर नहीं खोलने दिया गया और स्टाफ बैंकों के बाहर खड़ा रहा। करोड़ों की राशि गबन केस की जांच में दोनों बैंकों द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) का सहयोग नहीं करने पर ये सख्ती की गई। सुबह सवेरे शाखा खुलते ही पुलिस ने स्टाफ को बाहर बुला लिया। हालांकि बातचीत के बाद साढ़े 10 बजे सभी ब्रांच ऑफिस से पुलिस हट गई और काम शुरू करने का आदेश दे दिया गया। नगर निगम ने बैंकों में करीब 160 करोड़ की एफडी करवाई थी, जिसमें से कुछ के मैच्योर होने पर उनका कोई रिकॉर्ड ही नहीं मिला। सरकार ने मामले की जांच एसीबी को सौंपी है। वहीं, इस पूरे विवाद के बाद शाम को कोटक महिन्द्रा बैंक ने नगर निगम के 127 करोड़ रुपये लौटा दिए।

### पंचकूला नगर निगम की एफडी में गबन

पंचकूला नगर निगम ने कोटक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 160 करोड़ रुपये की 16 एफडी करवाईं थी। इनमें से 11 सावधि जमा (एफडी) जिनकी कुल राशि 59.58 करोड़ रुपये थी जो 16 फरवरी, 2026 को मैच्योर हो गईं। जब पंचकूला नगर निगम ने बैंक से संपर्क किया, तो बैंक द्वारा दिए गए विवरण न तो आपस में मेल खाते थे और न ही पंचकूला नगर निगम के रिकॉर्ड से।




### कैसे हुआ खुलासा

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में 590 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। इसके बाद पंचकूला नगर निगम अधिकारियों ने कोटक महिंद्रा बैंक को पत्र लिखकर अपनी एफडी को मैच्योर होने पर वापस दिए जाने की बात कही। जिस पर बैंक ने रिप्लाई देते हुए कहा कि इन नंबर के तहत तो आपकी कोई एफडी बैंक के पास नहीं है।

**50 करोड़ नहीं खाते में 2 करोड़ मिले :** खाता संख्या 2046903758 के लिए 16 मार्च 2026 को प्राप्त बैंक स्टेटमेंट के अनुसार, 13 मार्च को खाते में शेष राशि अपेक्षित 50.07 करोड़ रुपये के मुकाबले मात्र 2.18 करोड़ थी। बैंक ने सूचित किया कि कोई भी एफडी चालू नहीं थी और 18 मार्च 2026 तक खातों में कुल शेष राशि 12.86 करोड़ रुपये थी।

### घोटाले में 2 पकड़े, बिल्डर्स को ट्रांसफर हुए थे पैसे

कोटक महिंद्रा बैंक केस में अब तक दो लोगों की गिरफ्तारी हुई हैं। पुलिस ने पहले रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप कुमार को गिरफ्तार किया। उसके बाद एसीबी ने रजत डागर को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक अकाउंट में निगम के पैसे से की गई हेराफेरी के 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए थे। जिसको रजत डागर ने आगे कई बिल्डर्स और प्राइवेट लोगों को ट्रांसफर किया।

## खबर संक्षेप

### रुपया @ 94.78, डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को पहली बार 95 के पार पहुंच गया है। रुपये ने कमजोर होकर 95.58 का स्तर छुआ इसके बाद अंत में 94.78 पर बंद हुआ। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से रुपये में ये गिरावट आई है। एक महीने में रुपया करीब 4% गिरा है। वहीं इस वित्त वर्ष में रुपया 10% से ज्यादा टूट चुका है। रुपये की कमजोरी का असर आम आदमी पर भी होगा। इससे विदेशों से इम्पोर्ट होने वाले सामान जैसे मोबाइल, सोना-चांदी, कच्चा तेल खरीदना महंगा हो जाएगा।

### नीतीश कुमार ने दिया एमएलसी से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सीएम हाउस से ही सभापति अवधेश नारायण सिंह को इस्तीफा सौंपा। साल 2006 से नीतीश लगातार विधान परिषद के सदस्य थे। अब माना जा रहा है कि जल्द ही बिहार में नई सरकार का गठन किया जाएगा। इस बीच जेडीयू नेताओं का मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचना लगातार जारी रहा। रविवार शाम को भी कई जेडीयू नेता उनसे मिलने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि वह 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं। *एजेंसी*

### बड़ा फैसला : 1 अप्रैल से बंद होंगे चीनी कैमरे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एक अप्रैल से सीसीटीवी कैमरों को लेकर एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब चीन की बड़ी कंपनियों जैसे हिकविजन, दहुआ, और टीपी-लिंक के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री भारत में रोकी जा सकती है। नए एसटीक्यूसी नियम अगले महीने से लागू हो रहे हैं। इन नियमों के तहत किसी भी सीसीटीवी डिवाइस को बेचने से पहले मंजूरी लेना जरूरी होगा। *एजेंसी*

# बौखलाए ट्रंप ने खार्ग उड़ाने की दी धमकी | स्पेन ने दिखाई आंख एयरस्पेस किया बंद | ईरान बोला, पाक खुद ही कर रहा मध्यस्थता

*अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि जल्द समझौता नहीं हुआ तो खार्ग आईलैंड को पावर प्लांट, ऑयल वेल सहित उड़ा दिया जाएगा। वहीं, स्पेन ने ट्रंप को आंखे दिखाते हुए अमेरिका का एयरस्पेस बंद कर दिया है। रक्षा मंत्री मार्गारीटा ने कहा कि यह युद्ध अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। दूसरी ओर ईरान ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाते हुए कहा कि वह खुद ही युद्ध में मध्यस्थता कर रहा है। हमारी ओर से ऐसी कोई पहल नहीं की गई है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट तुरंत नहीं खोला गया और समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका उसके ऊर्जा ठिकानों को तबाह कर देगा। सोशल मीडिया पर जारी बयान में ट्रम्प ने कहा कि पावर प्लांट, ऑयल वेल और खार्ग आइलैंड को पूरी तरह उड़ा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर डीसैलिनेशन प्लांट्स को भी निशाना बनाया जा सकता है। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका एक नए और ज्यादा समझदार शासन के साथ बातचीत कर रहा है और इसमें प्रगति हो रही है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि अगर जल्द समझौता नहीं हुआ तो सैन्य कार्रवाई तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिकी सैनिकों और अन्य लोगों की मौत का बदला लेने के लिए उठाया जाएगा, जिनके लिए उन्होंने ईरान को जिम्मेदार ठहराया।

(पैकेज पेज-10 पर)



**ट्रंप बोले, सैन्य कार्रवाई और तेज की जाएगी बिजली संयंत्र तेल कुओं को पूरी तरह तबाह कर देंगे**

### इजराइल ने तेहरान में विवि पर हमला किया

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान स्थित एक यूनिवर्सिटी पर एयरस्ट्राइक की है। सेना के मुताबिक, इस संस्थान का इस्तेमाल मिलिट्री कंपाउंड के तौर पर किया जा रहा था, इसलिए इसे निशाना बनाया गया। हालांकि, इजराइल ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। ईरान की ओर से भी इस हमले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हमले में कितना नुकसान हुआ फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कहा कि उसने सोमवार को ईरान से दागे गए 27 ड्रोन और 11 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नाकाम किया।

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्पेन ने ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गारीटा रोब्लेस ने कहा कि वे अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं होने देंगे। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को अपना रास्ता बदलना पड़ेगा। हालांकि मानवीय मदद और इमरजेंसी वाली उड़ानों को छूट दी गई है। अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने भी फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि उनका देश ऐसे युद्ध का साथ नहीं देना चाहते जो बिना वजह शुरू किया गया हो और कानून के खिलाफ हो। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापार से जुड़े कदम उठाने की धमकी दी है।



**मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर रोक लगाई हम ऐसे युद्ध में साथ नहीं देंगे जो बेवजह किया गया हो**

### यूएई ने 27 ड्रोन और 11 मिसाइलें नाकाम कीं

उधर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कहा कि उसने सोमवार को ईरान से दागे गए 27 ड्रोन और 11 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नाकाम किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सभी हमलों को एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया।

**दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्तः** ईरान में सोमवार को महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद दवाइयों और दूसरी राहत सामग्री लेकर जाना था। वहीं, केंद्र ने तेल और गैस की कमी को पूरा करने के लिए अंगोला से एलपीजी खरीदने की तैयारी कर ली है। कंपनियां समझौते पर काम कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच वह पाकिस्तान की तरफ से की जा रही किसी भी मध्यस्थता की कोशिश का हिस्सा नहीं है। मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास के बयान के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ उसकी कोई सीधी बातचीत नहीं चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका दूसरे देशों के जरिए गैर-जरूरी शर्तें रख रहा है। ईरान ने यह भी कहा कि पाकिस्तान जो बातचीत कराने की कोशिश कर रहा है, वह उसका अपना प्रयास है और उसमें ईरान शामिल नहीं है। दरअसल, पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत कराने की बात कही थी। लेकिन ईरान के इनकार के बाद यह पहल कमजोर पड़ती दिख रही है।



**हमारी किसी से कोई बातचीत नहीं चल रही अमेरिका दूसरे देशों से गैर जरूरी शर्तें रख रहा**

### ईयू ने ईरान पर प्रतिबंध एक साल के लिए बढ़ाए

यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान पर लगे मानवाधिकार से जुड़े प्रतिबंधों को एक साल के लिए और बढ़ा दिया है। अब ये पाबंदियां 13 अप्रैल 2027 तक जारी रहेंगी। ईयू ने कहा है कि जिन लोगों और संस्थाओं पर ये प्रतिबंध लगे हैं, वे यूरोप के देशों में यात्रा नहीं कर सकेंगे और उनकी संपत्तियां भी जब्त या फ्रीज रहेंगी। इसके अलावा, ईरान को ऐसे उपकरण भेजने पर भी रोक रहेगी जिनका इस्तेमाल लोगों पर नजर रखने या उन्हें दबाने के लिए किया जा सकता है। ईयू ने यह भी साफ किया है कि उसके नागरिक और कंपनियां इन प्रतिबंधित लोगों या संस्थाओं को कोई पैसा या आर्थिक मदद नहीं दे सकतीं। फिलहाल इस सूची में 262 लोग और 53 संस्थाएं शामिल हैं।

## ग्रुप-डी भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों का होगा बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने ग्रुप-डी की भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराने का फैसला लिया है। यह प्रक्रिया राज्य के सभी डिवीजन स्तर पर कराई जाएगी। मानव संसाधन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार 20 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 9 दिनों में यह वेरिफिकेशन पूरा किया जाएगा। सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों और डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक स्टाफ और संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### रुकेगा फर्जीवाड़ा

**सरकार का शेडयूल जारी, 9 दिन में पूरी होगी प्रक्रिया**

**कितने अभ्यर्थियों का होगा वेरिफिकेशन**

- ग्रुप-डी कर्मचारीः 12,393
- डिवीजन कार्यालयों में अटैच कर्मचारीः 853
- कुल अभ्यर्थीः 13,246

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी ऑर्डर में कहा कि प्रत्येक डिवीजन में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। बॉयोमेट्रिक के लिए पर्याप्त स्टाफ व उपकरण उपलब्ध कराए जाए।

**ऑनलाइन पोर्टल पर दे सकेंगे जानकारी**

## जनगणना 2026 : कल से शुरू होगा पहला चरण, 33 सवाल तय

**नई दिल्ली।** जनगणना-2026 का पहला चरण एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है। पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी।

**लिव-इन कपल को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा**

**आंध्र प्रदेश में सनसनीखेज वारदात**

## नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के 3 टुकड़े किए, सिर भी जलाया

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने रविवार 29 मार्च को अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर दिए। इसके बाद खुद पुलिस स्टेशन गया और अपना अपराध को कबूल कर लिया। मृतक की पहचान 31 साल की मोनिका के रूप में हुई है। वहीं, आरोपी 35 साल का चिंतादा रविंद्र है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने प्रेमिका का सिर, हाथ और पैर को धड़ से अलग किया। पैरों और कूल्हे के हिस्से को ट्रॉली बैग में छिपा दिया। धड़ को फ्रिज में रखा। सिर और हाथों को सुनसान इलाके में ले जाकर जलाने की कोशिश की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो घर और फ्रिज में शव के टुकड़े मिले। मोनिका का सिर गायब था। पुलिस को शक है कि रविंद्र ने उसे किसी दूसरी जगह पर ठिकाने लगाया।

**दूसरा हिस्सा बेड के नीचे, तीसरा फ्रिज में छिपाया**

**युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था**

## लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद लोन दिल्ली से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के मुताबिक, शब्बीर दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था। यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ऑपरेट हो रहा था। साल 2007 में भी दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद के आरोपों में लोन को गिरफ्तार किया था। 2019 में जमानत मिलने के बाद वह बांग्लादेश भाग गया था। इस मॉड्यूल का खुलासा 7 फरवरी को दिल्ली में लगे देश विरोधी पोस्टर से हुआ था।

**बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को दे रहा था अंजाम**

# सख्त एक्शन के लिए बुलाई गई कांग्रेस की बैठक में बागी विधायकों से इस्तीफे की गुहार

## राव नरेंद्र बोले, क्रॉस वोटिंग करने वालों को देना चाहिए इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राज्यसभा चुनाव के बाद सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक हुई। यह बैठक क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर एक्शन लेने के लिए बुलाई गई थी, वाबजूद इसके कांग्रेस नेता विधायकों से इस्तीफा मांगने की गुहार लगाते दिखाई दिए। यहां पेंच भी हैं। यदि पार्टी बागी विधायकों को निकालती है तो उनकी सदस्यता बरकरार रहेगी। वहीं, यदि ये विधायक खुद इस्तीफा दे देते हैं तो इनकी विधायकी चली जाएगी। बैठक में क्रॉस वोट करने वाले 5 विधायकों को नहीं बुलाया गया। उधर प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों से इस्तीफा मांग लिया है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा- बैठक में क्रॉस वोटिंग पर भी चर्चा हुई, इसे लेकर 3 अप्रैल को चंडीगढ़ में पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई कमेटी की बैठक बुलाई गई है। पार्टी इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है, इस पर एक्शन जरूर होगा।

**चंडीगढ़ में तीन को अनुशासनात्मक कमेठी की औपचारिक बैठक, हुड्डा बोले एक्शन जरूर होगा**

### दो गुटों में बंटे विधायक

क्रॉस वोटिंग करने वाले पांचों विधायकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विधायक दो गुटों में बंट गए हैं। एक गुट चाहता है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दूसरा गुट की मांग है कि रद्द हुए वोटों वाले विधायकों ने नाम बताए जाएं।

### तीन विधायकों ने दिया जवाब

क्रॉस वोटिंग के आरोप में नारायणगढ़ से विधायक शैली चौधरी, साढ़ौरा से रेनू बाला और रतिया से जरनैल सिंह ने नोटिस का जवाब दे दिया है। वहीं मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इसराइल ने बागी तेवर दिखाए हैं।

**स्कॉर्पियो सवार लोगों ने फॉरच्यूनर का पीछा किया, गोलियां चलाईं**

# रास्ता देने के विवाद में भिड़े दो कार सवार गोलीबारी में सैर पर निकले रि.ब्रिगेडियर की मौत

**घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार**

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के राजपुर क्षेत्र में सोमवार को रास्ता देने को लेकर दो कार सवारों के बीच कथित तौर पर विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में सुबह की सैर पर निकले सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर की मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार यह घटना मसूरी रोड स्थित जोहड़ी गांव में सुबह हुई, जहां दिल्ली पंजीकरण वाली एक फॉर्च्यूनर कार और उत्तराखंड की स्कॉर्पियो (नवीन होने के कारण पंजीकरण नहीं) में सवार तीन-चार लोग रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में भिड़ गए और एक-दूसरे पर गोली चलाना शुरू कर दिया।

### तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, नहीं बच पाई जान

देहरादून के पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रमोद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दोनों कारों में से प्रत्येक में तीन-चार लोग सवार थे और विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोलियां चलायीं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी की चपेट में सुबह की सैर पर निकले सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी (74) भी आ गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी यहां के जाखन क्षेत्र में किराये के एक फ्लैट में अकेले रहते थे जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली तथा अन्य जगहों पर रहते हैं।



### कारों की रफ्तार 140 से 150 किलोमीटर प्रति घंटा रही

पुलिस अधिकारी ने बताया कि फॉर्च्यूनर कार में सवार- अखलाक, मोहित और आदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, '' फॉर्च्यूनर कार में सवार लोगों ने पहले यह कहते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की कि स्कॉर्पियो कार सवारों ने उन पर गोलियां चलाईं। लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास भी हथियार थे और उन्होंने (फॉर्च्यूनर कार में सवार लोग) भी गोलियां चलाईं।''दोनों कारों में सवार लोग फिलहाल देहरादून में रह रहे थे। चश्मदीद ने बताया कि रफ्तार करीब 140 से 150 किलोमीटर प्रति घंटा रही होगी।

### नशे में किया हमला

फॉर्च्यूनर कार में सवार मोहित ने बताया कि सुबह छह-सात बजे के बीच वह कार से अपने घर जा रहा था और उसकी कार स्कॉर्पियो से थोड़ा आगे निकल गयी जिसके कारण विवाद शुरू हुआ। मोहित ने 'कहा, ''वे लोग नशे में थे। एक-डेढ़ किलोमीटर आगे जाने पर उन्होंने हमारा पीछा किया और दो-तीन लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी ।मोहित ने बताया कि इसके बाद उसकी फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी और इसके बाद स्कॉर्पियो में सवार लोगों ने डंडे, सरिया और बेसबॉल के बैट आदि से उन पर हमला कर दिया। उसने बताया कि उसके साथ फॉर्च्यूनर कार में मौजूद दो अन्य लोग मौके से भाग गए।

मुख्यमंत्री के निर्देश नागरिक अस्पतालों में दवा का रिकॉर्ड रियल टाइम सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर होगा

# हर वक्त सीएमओ की नजर में रहेगा दवाओं का रिकॉर्ड

## नागरिक अस्पताल में दवा खत्म होने से चार दिन पहले देनी होगी जानकारी, बाहर की दवाइयां लिखने पर नपेंगे डॉक्टर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नागरिक अस्पतालों को लेकर बड़ा निर्देश दिया है। अब अस्पतालों में दवा का रिकॉर्ड रियल टाइम सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर होगा। किस अस्पताल में कौन सी दवा उपलब्ध हैं, उस बारे में डॉक्टर को बताया जाएगा। ताकि बाहर की दवा लिखने की गुजाइंश न बचे। इससे हर वक्त दवाओं का रिकॉर्ड सीएमओ की नजर में रहेगा। अगर फिर भी किसी डॉक्टर द्वारा बाहर से मिलने वाली दवा किसी मरीज की ओपीडी स्लीप पर लिखी जाती है, तो डॉक्टर उस बारे में अस्पताल में दवा उपलब्ध न होने की बात लिखेंगे। इतना ही नहीं, इस कार्य के लिए सीएमओ की जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग



के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक एवं विस्तृत समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारिओं को सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति, ओपीडी प्रबंधन, डॉक्टरों व स्टाफ की तैनाती, दवा एवं उपकरणों की खरीद प्रक्रिया तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

### दवाओं की खरीद के लिए बनेंगे पैनल

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी की स्थिति किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवा की खरीद इत्यादि को लेकर 1 साल के लिए पैनल इत्यादि की व्यवस्था की जाएं। सीएमओ 4 दिन पहले ही पैनल संबंधित एजेंसियों को दवा उपलब्धता बारे बता दें, ताकि किसी अस्पताल में दवा की कमीं न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि चिकित्सकों द्वारा मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर की दवाइयां लिखने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण रखा जाए। इस संबंध में तय दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएं, ताकि मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े और उन्हें सरकारी अस्पतालों में ही समुचित उपचार मिल सके। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## स्वीपिंग मशीनों की निगरानी के लिए अब कैमरे लगेंगे, सफाई कर्मचारी पहनेंगे एक जैसी ड्रैस



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को सचिवालय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने जीपीएस आधारित कचरा कलेक्शन सिस्टम की भी समीक्षा की और इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वीपिंग मशीनों की निगरानी को और मजबूत बनाने के लिए विभाग द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा देते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन मशीनों पर चार कैमरे लगाए जाएंगे। एक आगे की ओर, एक ऊपर, एक नीचे और एक पीछे की ओर। उन्होंने कहा कि यदि सफाई के दौरान मशीन का नीचे लगा सेंसर बंद पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसी को भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, अब एजेंसियों को हर महीने अपने बिल के साथ काम से संबंधित वीडियो फुटेज भी जमा करनी होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उसकी जांच की जा सके। खास बात यह है कि पूरे हरियाणा में कार्यरत सेनेटरी वर्करों के लिए एक जैसी ड्रेस लागू करने को मुख्यमंत्री ने कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं जाने के लिए स्थान ढूंढने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कई स्थानों पर जलभराव हो जाता है।

# कैग रिपोर्ट में खुलासा : कंपनियों के खाते सालों से लंबित, ऑडिट कमेटियां भी नहीं बनी

■ सलाह पर अमल करते तो बैंक घोटालों से बचा जा सकता था

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों की कार्यशैली को लेकर एक बार फिर से कैग (हरियाणा आडिटर जनरल) की रिपोर्ट में सवाल खड़े किए गए हैं। अगर कैग के ऑडिट और समय समय पर दी गई सलाह पर काम होता, तो निजी बैंकों द्वारा वित्तीय लेनदेन को लेकर किए गए गोलमाल से भी बचा जा सकता था। जानकारी अनुसार कैग ने सालों से लंबित खाते, ऑडिट और निगरानी में भारी खामियों की तरफ इशारा किया है।

कैग ने 25 से ज्यादा सरकारी कंपनियों के खाते 1 से 6 साल तक लंबित चले आ रहे हैं। इस बारे में बताया गया है कि ऑडिट कमेटियां तक नहीं बनीं और बोर्ड की बैठकों की भी कमी रही। इसी प्रकार से सीएसआरफंड खर्च में योजना और पारदर्शिता का अभाव नजर आ रहा है। व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी लागू नहीं की गई, जवाबदेही पूरी तरह से कमजोर है।

### वित्तीय अनुशासन की कमी

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पेश (सीएजी) की रिपोर्ट में राज्य की पब्लिक सेक्टर कंपनियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट अनुसार, कई सरकारी कंपनियां वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के बुनियादी नियमों का पालन नहीं कर रही हैं बल्कि अपने मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है। इससे ना केवल सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का खतरा बढ़ा है, बल्कि कंपनियों के प्रदर्शन पर भी नकारात्मक असर पड़ा है।

### रिपोर्ट में ये अहम खुलासे

- **सालों से लंबित खाते :** 25 से अधिक कंपनियों ने 1 से 6 साल तक अपने वित्तीय खाते पूरे नहीं किए, जिससे उनकी वास्तविक आर्थिक स्थिति का आकलन मुश्किल हो गया है
- **ऑडिट और निगरानी कमजोर :** कई कंपनियों में ऑडिट कमेटियां नहीं बनीं। जहां बनीं, वहां नियमित बैठकें नहीं हुईं। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठकों में भी अनियमितता पाई गई
- **सीएसआर फंड खर्च में गड़बड़ी :** कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड बिना स्पष्ट योजना और प्राथमिकता के खर्च किया गया, जिससे उसका प्रभाव स्पष्ट नहीं है
- **व्हिसलब्लोअर सिस्टम का अभाव:** कंपनियों में व्हिसलब्लोअर पॉलिसी लागू नहीं है, जिससे कर्मचारियों के पास अनियमितताओं की शिकायत का सुरक्षित माध्यम नहीं है
- **मुनाफे के बावजूद जोखिम :** रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कई कंपनियां मुनाफे में होने के बावजूद उनकी गवर्नेंस प्रणाली कमजोर है, जिससे भविष्य में बड़े वित्तीय जोखिम की आशंका बनी हुई है
- **सुझाव:** लंबित खातों को तुरंत पूरा किया जाए, ऑडिट कमेटियों को सक्रिय करें, बोर्ड बैठकों को नियमित तौर पर आयोजन किया जाए।

## खबर संक्षेप

### आशिमा बराड़ बिजली निगमों की अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशिमा बराड़ को प्रदेश के चारों प्रमुख बिजली निगमों की



अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम शामिल हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया है।अभी आशिमा बराड़ राज्य सरकार में आबकारी एवं कराधान विभाग, वित्त विभाग (हरियाणा-2) और ऊर्जा विभाग में आयुक्त एवं सचिव के पद पर कार्यरत हैं। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### अजय कुमार को नूंह के डीसी का अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** सरकार ने गुरुग्राम के उपायुक्त और श्रीमाता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक अजय कुमार को नूंह के उपायुक्त तथा मेवात विकास एजेंसी, नूंह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। उन्हें यह कार्यभार अखिल पिलानी के अवकाश के चलते सौंपा गया है। अजय कुमार रोहतक के उपायुक्त भी रह चुके हैं।

# पीएनजी पाइपलाइन परियोजना में अरबों का घोटाला : डॉ. गुप्ता

■ सरकार के लीज रेट में कटौती से प्राइवेट कंपनियों का फायदा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर पीएनजी पाइपलाइन परियोजना में बड़े घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने लीज रेट में 99% से अधिक कटौती कर करीब 8397.30 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान हुआ। डॉ. गुप्ता के अनुसार, पहले सरकार पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के लिए 3 लाख प्रति किलोमीटर प्रति वर्ष की दर से शुल्क लेती थी, जिसे घटाकर अब मात्र 1000 एकमुश्त कर दिया गया है। उन्होंने इसे आपदा को अवसर बनाकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाला फैसला बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से निजी कंपनियों, खासकर अडानी गैस लिमिटेड को फायदा पहुंचाया जा रहा है, जबकि आम जनता को कोई




सीधा लाभ नहीं मिल रहा। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में अब तक करीब 28,000 किलोमीटर पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। पुराने रेट के हिसाब से सरकार ने लगभग 8400 करोड़ रुपये एडवांस प्राप्त किए थे, लेकिन नए निर्णय के तहत यह राशि घटकर मात्र 2.70 करोड़ रुपये रह जाती है, जिससे भारी राजस्व हानि का अंदेशा है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस में हुड्डा की पसंद नापसंद का खेल चल रहा

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी को ड्रामाबाज बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को नोटिस भेजने के नाम पर कांग्रेस में राजनीतिक का ड्रामा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधायकों को नोटिस भेजने और विधायक दल की बैठक के नाम पर ड्रामा कर रही है। विधायकों पर कार्रवाई केवल भूपेंद्र हुड्डा की पसंद-ना पसंद का खेल है। कांग्रेस के अदंर लोकतांत्रिक सोच की कमी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग कांग्रेस की आपसी गुटबाजी का हिस्सा है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसी विधायक को रखना चाहते हैं तो किसी को पार्टी से आउट करना चाहते हैं। पूर्व सीएम हुड्डा को अपनी बात स्पष्ट करनी चाहिए कि उनके अंदर किस बात का भय है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर विधानसभा के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। विपक्ष के विधायक भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तारीफ करते हैं।



■ दूसरे गुट के विधायकों को सहन नहीं कर पा रहे हुड्डा

# एकमुश्त निपटान योजना घोषणा बन कर रह गई: रामपाल माजरा

**चंडीगढ़।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने बीजेपी सरकार पर किसानों और कमेरों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों से लिए गए लोन के ब्याज माफ करने के लिए एकमुश्त निपटान योजना की घोषणा की थी जो मात्र घोषणा बनकर ही रह गई है। एकमुश्त निपटान योजना के तहत ब्याज माफी के लिए मूल राशि को 31 मार्च तक जमा करवाना था जिसके कारण 6.81 लाख किसानों और मजदूरों को लाभ मिलता। इसकी आखिरी तारीख 31 मार्च रखी गई है लेकिन 30 मार्च तक बीजेपी सरकार की तरफ से की गई घोषणा का कोई भी लेटर किसी भी पैक्स को नहीं मिला है। सरकार की तरफ से कोई निर्देश न मिलने के कारण पैक्स के अधिकारी किसानों का सहयोग नहीं कर रहे।

# हिसार के आईएमसी प्रोजेक्ट में आई तेजी

**चंडीगढ़।** हिसार में विकसित किए जा रही इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) परियोजना के दम पर हरियाणा देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने जा रहा है। लगभग 2 988 एकड़ क्षेत्र में फैली यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-52 और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से जुड़ी है तथा प्रस्तावित हिसार एविएशन हब के निकट स्थित है। आईएमसी को अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर (एकेआईसी) के तहत विकसित किया जा रहा है, जिससे हिसार को राष्ट्रीय औद्योगिक नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार यहां परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि हिसार आईएमसी परियोजना प्रदेश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मजबूत संस्थागत सहयोग, रणनीतिक योजना और प्रभावी क्रियान्वयन के बल पर यह परियोजना निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक सांगवान सेवानिवृत्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक (फील्ड) रणबीर सिंह सांगवान 28 वर्ष 4 माह की संतोषजनक एवं समर्पित सेवा पूर्ण करने के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विभाग द्वारा उनके सम्मान में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के महानिदेशक के मकरंद. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) वर्षा खांगवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सांगवान को विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना



की। इस मौके पर सयुंक्त निदेशक राजसिंह कादियान, नीरज टुटेजा सहित अन्य मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक लॉन्च के लिए तैयार एचओआरसी टनल का 61 फीसदी कार्य पूरा

**चंडीगढ़।** हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को नई दिशा देने जा रहा है। हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर, कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक और प्रस्तावित ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर समेत एचआरआईडीसी की तमाम परियोजनाएं लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने, औद्योगिक विकास को गति देने और हरियाणा को देश के प्रमुख अवसंरचना केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएंगी। हरियाणा के मुख्य सचिव एवं एचआरआईडीसी के अध्यक्ष अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां हुई निदेशक मंडल की 34वीं बैठक में प्रदेश की प्रमुख रेल अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मंत्रिमंडल द्वारा हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की संशोधित लागत लगभग 11,709 करोड़ रुपये को मंजूरी दी गई है, जबकि पहले स्वीकृत लागत 5,618 करोड़ रुपये थी। वहीं टनल का काम 61 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

### रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी

यह कॉरिडोर खरखौदा, मानेसर और सोहना जैसे प्रमुख औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। साथ ही हरियाणा एनसीआर क्षेत्र में नए टाउनशिप के विकास को भी गति देगा। यह परियोजना माल ढुलाई को तेज करने, परिवहन समय कम करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, परियोजना की 7,070 मीटर लंबी टनल में से 4,349 मीटर यानी लगभग 61 प्रतिशत खुदाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह कार्य न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) के माध्यम से किया जा रहा है। यह टनल एचओआरसी परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी तेज प्रगति समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रति एचआरआईडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। परियोजना के लिए सभी प्रमुख पर्यावरण और वन स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई हैं, जिससे महत्वपूर्ण नियामकीय बाधाएं दूर हो गई हैं।


## महिला एवं बाल विकास विभाग
कमरा नं. 216, द्वितीय तल, जिला विकास भवन, रोहतक
फोन नं. 01262-252920

### विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को जारी निर्देशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रोहतक | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 04 (03 महिलाओं के लिए आरक्षित और 01 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

योग्यताएं- सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र अथवा मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव सहित स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं।

आयु- 25 से 42 वर्ष

न्यूनतम वेतन- न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल कामगार के लिए निर्धारित राशि के अनुसार रुपए 600 प्रतिदिन।

यात्रा भत्ताः- उसको वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी अथवा स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/- प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

प्रति माह यात्राओं की संख्या :- वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

नियम और शर्तें- समर्थित व्यक्तियों को प्रारम्भ में तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन वर्ष से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसको कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी :
1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसको हरियाणा का मूल निवासी अवश्य होना चाहिए
   - उसको जिला रोहतक का निवासी अवश्य होना चाहिए
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय अर्थात कमरा नंबर 216, द्वितीय तल, जिला विकास भवन रोहतक-124001 में 10.04.2026 को अप. 5.00 बजे तक या उससे पहले समर्थित दस्तावेजों अर्थात शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अपूर्ण आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

.................................................... के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

i. पद का नाम :-
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई-मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र के अनुसार) :
ix. विज्ञापन की तिथि के अनुसार वर्तमान आयु (YY-MM-DD) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

| क्र. सं. | विषय सहित योग्यता (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

xi. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से-तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | जॉब उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

घोषणा :- "मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दिये गये सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी के पास मेरी सेवा को बर्खास्त करने और कोई उपयुक्त कार्यवाही अमल में लाने का अधिकार होगा।"

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर
टिप्पणी :
❖ आवेदकों के लिए सभी मूल दस्तावेज सहित मूल दस्तावेजों की छायाप्रतियों का एक सैट लाना आवश्यक होगा जो वह जमा करवाना चाहता/चाहती है।
❖ सभी फील्ड्स आवश्यक हैं।

पीआरडीएच-1225/11/140/2026/44294/88/6 दि. 30.03.26



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

FIR NO. 101 दिनांक 25.03.2026 धारा 281, 106 BNS थाना सांपला जिला रोहतक ।

नामपता नामालुम नाश की पहचान बारे

नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र- लगभग 55 वर्ष
हुलिया -कद 5 फुट 7 ईच, हल्का ग्रे रंग का कुता पजामा पहने हुऐ व जिसके दोनों हाथों में प्लास्टिक के कड़े है।



दिनांक 25.03.26 को एक नामपता नामालूम पुरुष की नाश रोहतक में मिली है। जिसकी मौत Accident के कारण होनी बयान हुई है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सापला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस P.G.I रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9812274565

पीआरडीएच-1084/11/4640/2026/44287/88/6 दि. 30.03.26



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव इसराना, जिला पानीपत में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (सब स्टेशन और डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 28.03.2026 06.04.2026 | 65.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला में भारत के स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम, 1857 के शहीदों के सम्मान में युद्ध स्मारक में लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 01.04.2026 08.04.2026 | 18.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | भीम स्टेडियम भिवानी, जिला भिवानी में ई.आई. आंतरिक की विशेष मरम्मत और सम्पदा सेवाओं का प्रावधान। | 27.03.2026 04.04.2026 | 16.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव पाढा ब्लॉक मुनक में दांडु वाला तालाब-बी पर स्टोन पिचिंग का प्रावधान। | 28.03.2026 06.04.2026 | 40.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | सिविल सर्जन नूह | स्वास्थ्य विभाग नूह (मेवात) के लिए कैंटीन सेवाओं हेतु ई-निविदा सूचना का प्रकाशन। | 27.03.2026 13.04.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9417560524 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 6 | नागरिक उड्डयन, हरियाणा चण्डीगढ़ | हेलीकॉप्टर एमबीबी बीके 117 सी-2 (ईसी-145), एमएसएन # 9210, वीटी-एचआरवाई के लिए कंटीन्यूइंग एयरवर्दीनेस मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन (सीएएमओ) का वार्षिक रखरखाव अनुबंध और उप अनुबंध। | 31.03.2026 20.04.2026 | ईएमडी 5000 | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/120/44309/I/88/6 दि. 30.03.26



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

“ पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। ”

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0006/2526

## खबर संक्षेप



### नकली सोना गिरवी रख लोन लेने वाला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एचडीएफसी बैंक से नकली सोना गिरवी रखकर लाखों का लोन लेने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने गिरोह के दूसरे सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरजीत पुत्र पाले राम निवासी पाबड़ा, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि एचडीएफसी बैंक शाखा भूना के अधिकृत अधिकारी अजीत राणा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपियों ने मई 2024 में बैंक से गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। आरोपी ने सुरक्षा के रूप में 4 चूड़ियां और 1 पेंडेंट जिनका कुल वजन 122.90 ग्राम था, बैंक के पास गिरवी रखा। इसे शुद्ध सोना बताकर बैंक से 5 लाख 84 हजार रुपये का गोल्ड लोन प्राप्त कर लिया। इसके बाद आरोपी ने लोन की एक भी किस्त नहीं भरी। सितंबर 2025 में जब जेवरों की नीलामी शुरू हुई तो यह 75 प्रतिशत नकली था और केवल ऊपर की 25 प्रतिशत परत ही असली सोने की थी। इस मामले में मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अग्निवीर के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। जिला फतेहाबाद के युवाओं के साथ-साथ जिला हिसार, हांसी, सिरसा व जींद के युवा भर्ती के लिए वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती निर्देशक, सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यार्थी द्वारा प्रति आवेदन परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। इच्छुक उम्मीद्वार उनकी योग्यता के अनुसार 2 अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष भी दिया गया है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी।

### थ्रेशर में कटने से युवा किसान की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव खेड़ी जसोर के खेतों में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां थ्रेशर में आने से एक युवा किसान की जान चली गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। वह खेड़ी जसोर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को वह थ्रेशर पर काम कर रहा था। नट कसते समय वह थ्रेशर में फंस गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रवि परिवार का इकलौता पुत्र था और करीब सात माह के बच्चे का पिता था। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई की है।

# टोल प्लाजा पर कल से नई दरें लागू, 5 से 20 रुपये तक की बढ़ोतरी

- सोनीपत में कार, जीप व वैन के शुल्क में नहीं की गई वृद्धि, बड़े वाहनों के टोल रेट बढ़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रदेश में एनएचएआई के तहत आने वाले टोल प्लाजा पर 1 अप्रैल से नई दरें लागू होने जा रही हैं। जिससे आम लोगों की जेब पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। सोनीपत में झरोठी टोल व भिगान टोल प्लाजा की नई दरों के अनुसार कार, जीप और वैन के लिए एकल यात्रा शुल्क 80 रुपये व 120 रुपये यथावत रखा गया है। वहीं, हल्के वाणिज्यिक वाहनों के शुल्क में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन बस और ट्रक जैसे भारी वाहनों की श्रेणी में 5 से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह 3 एक्सल, 4 से 6 एक्सल और 7 या अधिक एक्सल वाले भारी वाहनों के टोल में 5 से 20 रुपये तक की वृद्धि लागू की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही बढ़ोतरी मामूली दिखाई दे, लेकिन इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। भारी वाहनों पर बढ़े टोल शुल्क का सीधा असर मालभाड़े पर पड़ेगा, जिससे जरूरी वस्तुओं की ढुलाई महंगी हो सकती है। बसों के किराए पर भी इसका असर पड़ सकता है। निजी और परिवहन सेवाएं संचालित करने वाले बस ऑपरेटर बढ़े हुए टोल शुल्क का बोझ यात्रियों पर डाल सकते हैं।

### झरोठी टोल पर यह पड़ेगा असर

| वाहन का प्रकार | एकल यात्रा | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| कार/जीप/वैन | 80 रुपये | शून्य |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन | 130 रुपये | शून्य |
| बस/ट्रक (2 एक्सल) | 270 रुपये | 5 |
| 3 एक्सल वाहन | 290 रुपये | 5 |
| 4 से 6 एक्सल वाहन | 420 रुपये | 10 |
| 7 या अधिक एक्सल वाहन | 510 रुपये | 10 |

### भिगान टोल पर यह पड़ेगा असर

| वाहन का प्रकार | एकल यात्रा | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| कार/जीप/वैन | 120 | शून्य |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन | 195 | शून्य |
| बस/ट्रक | 405 | 10 |
| 3 एक्सल तक | 440 | 10 |
| 4 से 6 एक्सल | 635 | 15 |
| 7 या अधिक एक्सल वाहन | 770 | 20 |

### जींद के तीनों टोल पर भी बढ़ाए रेट

**जींद।** जिले के टोल प्लाजा से वाहन गुजारने पर एक अप्रैल से पांच से लेकर 10 रुपये तक की टोल में वृद्धि की गई है। जिले में तीन टोल प्लाजा हैं। इनमें



जींद-नरवाना मार्ग पर खटकड़ गांव के पास खटकड़ टोल प्लाजा, जींद-पटियाला मार्ग पर बद्दोवाल गांव के पास बद्दोवाल टोल प्लाजा व जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाइवे पर भिड़ताना गांव के पास है। खटकड़ टोल प्लाजा पर पहले कार के 120 रुपये लगते थे, जो एक अप्रैल से 125 रुपये हो जाएंगे। इसी प्रकार लाइट मोटर व्हीकल के लिए पहले 195 रुपये लगते थे, जो अब 200 रुपये हो जाएंगे। टू एक्सल हेवी व्हीकल के लिए पहले 410 रुपये लगते थे। इसमें 10 रुपये की वृद्धि हो गई है। अब इन वाहन चालकों को 420 रुपये देने होंगे। थ्री एक्सल हेवी व्हीकल के लिए पहले 445 रुपये लगते थे, जो अब 455 रुपये लगेंगे। सबसे हेवी वाहन यानी छह एक्सल के लिए पहले 640 रुपये लगते थे। इसमें अब 15 रुपये की वृद्धि हुई है। अब इन वाहन चालकों को 655 रुपये देने होंगे।

### मदीना टोल प्लाजा पर नई दरें घोषित

**रोहतक।** मदीना टोल प्लाजा पर एक अप्रैल से नई दरें लागू हो जाएंगी। टोल मैनेजर अजय कुमार ने बताया कि संशोधित रेट लिस्ट के तहत सभी वाहन श्रेणियों के शुल्क में बदलाव किया गया है। कार और जीप के लिए सिंगल जर्नी 75 रुपये और रिटर्न 115 रुपये तय किया गया है, जबकि मासिक पास 2515 रुपये का रहेगा। एलसीवी के लिए 120 रुपये सिंगल और 185 रुपये रिटर्न शुल्क निर्धारित है। बस और ट्रक के लिए यह दरें क्रमशः 255 और 385 रुपये होंगी। तीन एक्सल और मल्टी एक्सल वाहनों के लिए भी शुल्क में बढ़ोतरी की गई है।

## पंचकूला में ऑनर किलिंग का मामला, आरोपी डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

# लव मैरिज से नाराज साले ने दोस्तों के साथ मिलकर जीजा की चाकू घोंपकर की हत्या

- सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए दोनों में हो गया था प्यार, परिवार की मर्जी के खिलाफ 3 माह पहले की थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला में बहन की लव मैरिज से नाराज होकर युवक ने अपने जीजा की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक युवक अपनी मां को छोड़ने फैक्ट्री जा रहा था। रास्ते में साले ने अपने दो दोस्तों के साथ उसकी छाती, पीठ और सिर पर वार किए। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हालत में युवक को सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया, यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक ने 3 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। इसी बात से उसका साला नाराज था। सेक्टर-20 थाना पुलिस ने परिवार की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह जैमेटो में डिलीवरी का काम करता था।

जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के रहुला गांव के शिवम का परिवार मोहाली के बलटाना में 15 साल से रह रहा है। शिवम के पिता राजेश एक सिक्योरिटी कंपनी में गॉर्ड की नौकरी करते हैं। वहीं शिवम की मां ऊषा पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में



चंडीगढ़। शिवम ने मंदिर में की थी शादी।

काम करती है। शिवम खुद पंचकूला के बरवाला में बर्तन की दुकान पर पॉलिश और पैकिंग का काम करता था।

शिवम पंचकूला के अभयपुर स्थित सरकारी स्कूल में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ा था। वहां पर अभयपुर निवासी दूसरे शिवम की बहन भी पढ़ती थी। दोनों ने करीब 5 साल पहले आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। इसके बाद भी शिवम और युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था शिवम ने उस युवती के साथ 3 महीने पहले मंदिर में शादी कर ली थी। आरोपी साला शिवम अपनी बहन की लव मैरिज से खफा और नाराज चल रहा था था। आरोप है कि उसने अपनी बहन को काफी समझाया, लेकिन वह नहीं मानी और परिवार से नाता तोड़कर शादी कर ली। उसने पहले ही अपने जीजा को धमकी दी थी, लेकिन शिवम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

### शादी में डीजे पर हुए विवाद में अमेरिका से आए युवक की थार से कुचलकर हत्या

**कुरुक्षेत्र।** इस्माइलाबाद क्षेत्र में रविवार रात थार से कुचलकर युवक की हत्या दी गई। युवक साहिल



अपने जीजा के दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए अमेरिका से आया था। यहां उस युवक की जीजा के पड़ोसी के साथ डीजे पर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। मृतक की पहचान पिहोवा के खेड़ी शीशगरां के साहिल (30) के रूप में हुई है। साहिल करीब एक महीने पहले ही अमेरिका से आया था। साहिल करीब सात साल पहले अमेरिका गया था और पहली बार वापस अपने घर आया था। घर में साहिल की शादी की बात चल रही थी। शैमिन पंजरथ निवासी गुरु गोबिंद सिंह कॉलोनी ठसका रोड इस्माइलाबाद ने बताया कि उसका साला साहिल कुमार शादी के प्रोग्राम में शामिल होने आया था। इस प्रोग्राम में उसकी कॉलोनी का दीपांशु भी आया हुआ था। दीपांशु और साहिल डीजे पर डांस कर रहे थे। डीजे पर गाने को लेकर दीपांशु और साहिल कुमार के बीच थोड़ी बहस हुई। प्रोग्राम के बाद रात करीब 12:40 बजे वह अपने साले साहिल कुमार, दोस्त सिमरदीप सिंह, रमन नागपाल और विपुल बजाज के साथ हाईवे पर चम्मू चौक पर खड़े थे। तभी सामने से काली थार आई, जिसने साहिल कुमार के साथ-साथ मुझे जोरदार टक्कर मार दी। इसमें उनको भी चोटें लगीं। दीपांशु ने उनके पास गाड़ी रोकी और शीशा नीचे किया। तब उसने दीपांशु से पूछा कि क्यों बंदे मारना है क्या? तभी दीपांशु ने जवाब दिया, अच्छा बच गया और फिर गाड़ी पीछे करके दोबारा उसके साले साहिल के ऊपर चढ़ा दी। उसके बाद आरोपी भाग गया।

### झगड़े की शिकायत देने थाने जा रहे युवक की हत्या

**कैथल।** गांव नरवल में आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में 34 वर्षीय व्यक्ति की डंडे व लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी रीना ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को उसका पति संदीप और देवर बाहर गए हुए थे। वह और उसकी देवरानी रीतू घर पर मौजूद थे। तभी उनका पड़ोसी रजत उनके घर में घुस गया। रजत ने आते ही उसकी देवरानी से झगड़ा शुरू कर दिया। वह हमारे साथ मार पिटाई कर भाग गया। शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने भी झगड़ा किया। इसमें उसे, सास-ससुर, देवरानी व बच्चों को भी गुम चोटें आईं। रात को जब उसका पति पुलिस को शिकायत देने के लिए राजौंद थाना में जा रहा था तो आरोपियों ने उसके पति को पकड़ लिया और उस पर ऊपर डंडे, लाठियों व ईंटों से हमला कर दिया। जब तक वह संदीप को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी उसे काफी गुम चोटें मार चुके थे। इन चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई।

## ईएएसआई ने थाने के बाहर गोली मारकर की आत्महत्या

- परिवार ने कहा-घर में कोई तनाव नहीं था, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोमवार को जिले में उस समय सनसनी फैल गई जब डायल-112 पर तैनात एक एग्जम्प्टेड असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली।



यह घटना कलानौर थाने के बाहर हुई, जिसने पुलिस विभाग समेत पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मृतक की पहचान 53 वर्षीय कुलदीप सिंह के रूप में हुई है, जो इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर तैनात थे। घटना के तुरंत बाद उनके साथियों ने गंभीर हालत में उन्हें पीजीआई रोहतक पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कुलदीप सिंह मूल रूप से झज्जर जिले के डीघल गांव के रहने वाले थे। करीब 15 वर्ष पहले वह रोहतक आकर बस गए थे। घटना के बाद परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना है कि कुलदीप सामान्य जीवन जी रहे थे और उन पर किसी प्रकार का पारिवारिक या मानसिक तनाव नहीं था। ऐसे में उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, यह समझ से परे है। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। कुलदीप अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अस्पताल में लिफ्ट खराब, रैंप से तीसरी मंजिल पर ले जाते हुए मरीज की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीके सिविल अस्पताल में सोमवार को एक मरीज की मौत होने पर परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अस्पताल की लिफ्ट बंद होने के कारण मरीज को रैंप के रास्ते तीसरी मंजिल पर ले जाया जा रहा था और इसी दौरान उसकी मौत हो गई। यदि लिफ्ट ठीक होती तो मरीज की जान बचाई जा सकती थी। जानकारी के अनुसार, फरीदाबाद के सेक्टर-23 स्थित संजय कॉलोनी निवासी फैज अहमद की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। तबीयत बिगड़ने पर उसके मकान मालिक और पड़ोसी उसे तुरंत इलाज के लिए बीके सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने मरीज को तीसरी मंजिल पर बने हृदय केंद्र में दिखाने की सलाह दी। पड़ोसियों ने बताया कि जब वे लोग मरीज को लेकर ओपीडी की लिफ्ट के पास पहुंचे तो उन्हें पता चला कि लिफ्ट काम नहीं कर रही है। इसके बाद मजबूरी में मरीज को रैंप के रास्ते तीसरी मंजिल पर ले जाने लगे। रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## गिरदावरी में लापरवाही पर डीसी ने दिए पटवारी को चार्जशीट करने के आदेश

*डीसी ने गांवों का दौरा कर फसलों की स्थिति का जायजा लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर रबी फसल की विशेष गिरदावरी और फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लहरोदा, कुक्सी, डेरोली अहीर, मोहल्ड़ा, लुजोता जैसे गांवों के खेतों में जाकर फसल का स्वयं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोमला क्षेत्र के पटवारी की ओर से की गई गिरदावरी में लापरवाही सामने आई। पटवारी ने मौके पर फसल की स्थिति के विपरीत गलत गिरदावरी दर्ज की हुई थी। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित पटवारी को तुरंत प्रभाव से चार्जशीट करने के आदेश जारी किए। साथ ही उन्होंने एसडीएम कनीना को निर्देश दिए कि इस पटवारी द्वारा पूर्व में की गई सभी गिरदावरी की गहनता से जांच की जाए। उपायुक्त ने कहा कि गिरदावरी के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों, पटवारियों व कानूनगो को निर्देश दिए कि वे गांव के मौजिज व्यक्तियों व नंबरदारों की उपस्थिति में टैबलेट के माध्यम से पूरी सटीकता के साथ डेटा दर्ज करें, ताकि हर पात्र किसान का हित सुरक्षित रहे।

# धान घोटाले की फाइल गुम होने के जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले में धान खरीद से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के कथित घोटाले के बीच अब एक नया विवाद सामने आया है। घोटाले से संबंधित अहम फाइल के डीसी कार्यालय से गायब होने के किसान संगठनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि धान खरीद व्यवस्था में जिला उपायुक्त चेयरमैन की भूमिका निभाते हैं, ऐसे में इतनी महत्वपूर्ण फाइल का गायब होना सामान्य प्रशासनिक चूक नहीं माना जा सकता। उन्होंने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि रिकॉर्ड ही सुरक्षित नहीं है तो पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन स्पष्ट करे कि यह रिकॉर्ड किसकी निगरानी में



पिहोवा। धान घोटाले को लेकर किसान एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए।

था और किस स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय थी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की गई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। वहीं, नगराधीश मोनिका शर्मा ने धान घोटाले से संबंधित रिकॉर्ड गुम होने की मीडिया में चल रही खबरों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि इस मामले से जुड़ी कोई भी फाइल गायब नहीं हुई है। केवल एक रिपोर्ट मिसप्लेस हुई थी, लेकिन उससे जुड़े सभी मूल दस्तावेज प्रशासन के पास सुरक्षित हैं। इस घटना से धान घोटाले की जांच प्रक्रिया पर किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### धान घोटाले में किसानों ने किया प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

**पिहोवा।** पिहोवा में राइस मिलों के धान घोटाले के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा उपमंडल अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर जमकर बवाल काटा गया। प्रदर्शन के दौरान किसान यूनियन द्वारा भाकियू नेता प्रिंस वडेच, हलका प्रधान कंवलजीत सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष विनोद बाखली के नेतृत्व में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रिंस वडेच ने राइस मिलों की उच्च स्तरीय फिजिकल वेरिफिकेशन, वायरल ऑडियो क्लिप की जांच व किसानों की समस्याओं के समाधान व घोटाले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने बाकायदा एसडीएम अनिल कुमार दून को ज्ञापन भी सौंपा।

### पांच हजार का इनामी ज्ञानी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस टीम ने रतिया क्षेत्र के एक शातिर और इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पिछले काफी समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसपाल सिंह उर्फ ज्ञानी पुत्र केवल सिंह निवासी गांव चिम्मो के रूप में हुई है। डीएसपी कुलवन्त सिंह ने बताया कि आरोपी जसपाल सिंह उर्फ ज्ञानी पुलिस रिकॉर्ड में एक 'मोस्ट वांटेड' अपराधी था। इसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक हिसार रेंज द्वारा 10 मार्च को 5 हजार का नकद इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ रतिया के विभिन्न थानों में हत्या, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। डीएसपी ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी इनपुट और सूचना के आधार पर आरोपी को काबू किया।

**खेती** गेहूं की सरकारी खरीद कल से होगी शुरू, नए नियमों की पालना बनेगी चुनौती

# बारिश व आंधी से गेहूं की कटाई पर लगे ब्रेक, एक सप्ताह तक लेट हो सकती है अनाज मंडी में आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी करने का दावा किया है। हालांकि मौसम के मिजाज को देखकर दावा किया जा रहा है कि इस बार कटाई भी देरी से होगी और मंडियों तक फसल आने में एक सप्ताह से दस दिन और लग सकते हैं। ऐसे में प्रशासन को मंडियों में किसानों का इंतजार करना पड़ सकता है। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मंडियों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी मंडियों व खरीद सेंटरों के लिए सुपरवाइजर भी नियुक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि सभी मंडियों में बारदाना, तिरपाल, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, झरना, क्रेट, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि नोडल अफसर व सुपरवाइजर प्रतिदिन मंडियों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सुबह 10 बजे और सायं 6 बजे जिला कार्यालय को भेजें।

हिसार व हांसी में इस बार 23 मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद होगी। मौसम को देखते हुए गेहूं की आवक 10 अप्रैल के आसपास होने की उम्मीद है।

### गेट पर ट्रैक्टर व किसान का होगा फोटो

फतेहाबाद। जिले में 7 मंडियों सहित कुल 52 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। सरकारी खरीद के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। मंडियों में फसल लाते समय गेट पर ट्रैक्टर ओर किसान का फोटो होगा, तभी गेट पास कटेगा। जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हुआ है, उन्हें मंडी में गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। किसान के तीन प्रतिनिधि भी केंद्रों पर फसल बेच सकेंगे। इसके लिए सभी का रिकॉर्ड अपलोड करवाना अनिवार्य रखा गया।

### 63 हजार एकड़ का डाटा मिसमैच, कर रहे वेरिफाई

**सोनीपत।** जिले में चार मंडियों सहित कुल 20 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। जिले के 51076 किसानों ने 262244 एकड़ भूमि में उगी गेहूं की फसल का पंजीकरण करवाया है। जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हुआ है, उन्हें मंडी में गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। उधर, जिले में 63 हजार एकड़ भूमि में उगी फसल मिस मैच श्रेणी में है। प्रशासन की ओर से मिसमैच डाटा को वेरिफाई करने के लिए विभिन्न विभागों की टीमों का गठन किया गया है। मिसमैच डाटा को 1 अप्रैल से पहले वेरिफाई करके पोर्टल पर अपलोड करने का लक्ष्य रखा गया है।

### 12% तक नमी ही मान्य

**रेवाड़ी।** जिले में रबी की फसल के लिए रेवाड़ी, कोसली, बावल व कंवाली चार खरीद केंद्र बनाए गए हैं। सरकार की ओर से इस बार गेहूं का 2585 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। गेहूं 12 प्रतिशत नमी तक ही खरीदा जाएगा। एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए जिले से 24 हजार 148 किसानों ने 45493 एकड़ जमीन का मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। गेहूं की सरकारी खरीद सप्ताह में चार दिन हैफेड और दो दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से की जाएगी।

# मई के दूसरे सप्ताह में आएगा 12वीं का रिजल्ट, 3 से जांची जाएंगी आंसरशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) फरवरी/मार्च-2026 परीक्षाएं समापन की ओर हैं। सेकेंडरी कक्षा की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 2 अप्रैल से आरंभ हो रहा है। प्रदेशभर में सेकेंडरी की परीक्षा के लिए 75 मूल्यांकन केन्द्र बनाए हैं और लगभग 6969 अध्यापक नियुक्त किए गए हैं तथा मूल्यांकन का कार्य 24 अप्रैल तक करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) फरवरी/मार्च-2026 परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 3 अप्रैल से आरंभ होकर 28 अप्रैल तक करवाया जाएगा। प्रदेशभर में 52 मूल्यांकन केन्द्र बनाए हैं और 5009 प्राध्यापक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा का परिणाम मई के दूसरे सप्ताह तक घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद सेकेंडरी की परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। वहीं, प्रथम दिन एक उप-परीक्षक/एकल-परीक्षक द्वारा 15 उत्तरपुस्तिकाएं जांच की जानी है। इसके पश्चात प्रतिदिन 30 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जानी है। उप-परीक्षकों द्वारा जांच की गई कुल उत्तरपुस्तिकाओं में से रेंडमली आधार पर 10 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं की जांच मुख्य परीक्षक द्वारा की जाएगी।

### ड्यूटी में लापरवाही पर 3 कर्मचारी कार्यमुक्त

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सीनियर सेकेंडरी पंजाबी एवं संस्कृत साहित्य वेद सिद्धान्त(आर्ष पद्धति गुरुकुल/परंपरागत संस्कृत विद्यापीठ) एवं सीनियर सेकेंडरी के रद्द हुए विभिन्न विषयों की पुनः परीक्षा संचालित हुई। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग के 3 मामले दर्ज किए गए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., जखौली अड्डा, कैथल पर नियुक्त पर्यवेक्षक बिजेन्द्र, इतिहास प्रवक्ता, रा.व.मा.वि., नैना धौस एवं इसी केन्द्र पर नियुक्त सेवादार राजेश तथा परीक्षा केन्द्र जाट व.मा.वि., कैथल-12 पर नियुक्त लिपिक धर्मबीर को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के चलते कार्यभार मुक्त कर दिया गया।





### असम में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' में बोले पीएम मोदी, कांग्रेस पर किया हमला

# लोगों को गुमराह करने और सुर्खियां बटोरने कांग्रेस कागजों पर करती थी समझौते, भाजपा के लिए राज्य में शांति बहाली और विकास होगा पहली शर्त

## पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस सरकार को घेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसमें पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें चुनाव में जीत के लिए कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीते एक दशक में असम में तेज विकास होने की बात भी कही। कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे पहली शर्त शांति है। उन्होंने कहा कि राज्य लंबे समय तक अस्थिता से जूझा है, लेकिन पिछले दशक में चीजें बदल गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सरकार सिर्फ सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने के लिए कागजों पर ही समझौते करती थी।

**नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की**

कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें जीत के लिए कड़ी मेहनत का मंत्र दिया



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रधानमंत्री

### मैं भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा, जीत का भी रिकॉर्ड तोड़िए

पीएम ने यह भी कहा कि सभी लोग असम में भाजपा-एनडीए सरकार की 'हैट्रिक' सुनिश्चित करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मैं भी आप की तरह एक कार्यकर्ता हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, मैं उसे निभाता हूं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से राज्य में प्रसारित हो रहे एआई-जनित वीडियो से लोगों को सतर्क करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि असम में मतदान के रिकॉर्ड टूटेंगे।

### लोगों ने अस्थिरता का लंबा दौर देखा, आज सुरक्षित भविष्य

पीएम मोदी ने कहा कि हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा की आग में जल रहा था। लंबे समय तक अस्थिरता रही, लेकिन पिछले दशक में स्थितियां बदली हैं। आज भाजपा की डबल इंजन सरकार से राज्य में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। कांग्रेस शासन के दौरान शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को भटकने के लिए छोड़ दिया गया। उग्रवादी और छात्र संगठनों के साथ कोई भी समझौता सफल नहीं हुआ। आज सभी सुरक्षित हैं।

### आज गुजरात में करेंगे 19,800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

पीएम मोदी 31 मार्च को गुजरात दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे वाव-थराद से केंद्र और राज्य सरकार के कुल 19,806.9 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।इन परियोजनाओं में भारत सरकार के ऊर्जा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और रेलवे मंत्रालयों के 10,921 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। गुजरात सरकार के शहरी विकास, जल संसाधन, जलापूर्ति, सड़क एवं भवन, जीआईडीसी, स्वास्थ्य, पर्यटन और आदिजाति विकास विभागों के 8,886 करोड़ रुपए के कार्य भी शामिल हैं।

## सुवेंदु ने भरा नामांकन,मंत्री प्रधान भी रहे मौजूद



**बंगाल** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां अपने चरम पर हैं। राज्य में विपक्ष के नेता और भाजपा के कद्दावर नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे। वे इस बार पश्चिम बंगाल की दो प्रमुख विधानसभा सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से चुनाव लड़ रहे हैं। यह ममता का गढ़ है।



तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भरा नामांकन

### चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी

ममता का तीखा प्रहार



मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता ने कहा भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया। ममता ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया।

### पीएमके ने जारी की नामों की अंतिम सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव के लिए पीएमके ने अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। पेरंबूर से कवि एम. तिलगाबामा, धर्मपुरी से सौमिया अंबुमणि, वृद्धाचलम से तमिलरासी अधिमूलम और सलेम पश्चिम से एम कार्ति को उम्मीदवार बनाया गया है।इसी तरह पेन्नागरम से पाडी वी. सेल्वम, पोलुर से सीआर भास्करन, तिरुपुरूर से वकील के बालू, जयंकोंडम से के. वैथि और सलेम पश्चिम से एस. सदासिवम को टिकट दिया गया है।



भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

### ममता लोगों को धमकी दे रहीं, हाईजैक किया चुनाव

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा। भचुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सुकांत मजूमदार और पीयूष गोयल ने अन्य नेताओं के साथ दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की और याचिका सौंपी।रिजिजू ने कहा कि ममता खुद घर तक जाकर धमकी दे रही हैं। उनकी पूरी टीम ने किस तरह पूरे चुनाव को हाईजैक किया है।

असम में राहुल बोले



## भाजपा को 'छिपी हुई ताकत' बताया, 'एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी केरल दौरे पर सबरीमाला मुद्दे पर चुप रहे। यह भाजपा और एलडीएफ के मिलकर काम करने का संकेत है। भाजपा यूडीएफ को नहीं चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से लड़ने वालों पर हमला होता है। राहुल ने बताया कि उन पर 36 मामले हैं। एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट है, लेकिन भाजपा का उन पर कोई दबाव नहीं है। वे छिपी ताकत हैं।

### पीएम कंप्रोमाइज्ड हो गए

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी एक कंप्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री हैं। अमेरिका-भारत समझौते के डिटेल देखने पर साफ हो जाएगा कि कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इसे तब तक नहीं साइन कर सकता जब तक वह कंप्रोमाइज्ड न हो। आज भारत अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद सकता।

## खबर संक्षेप

### बेकाबू बस पुल से गिरी,10 यात्री घायल

**शिवमोग्गा।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया और कई लोगों की जान बच गई। एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पुल से नीचे जा गिरी। जब ये हादसा हुआ तब इस बस में 40 से अधिक लोग सवार थे। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। हादसे में 10 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।




### दुबे को मेंटल डॉक्टर की जरूरतः पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व सीएम और बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक अपने पिता बीजू पटनायक पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान से भड़क गए हैं। उन्होंने दुबे के बयान को अपमानजनक बताया है। दुबे को ज्यादा मेंटल डॉक्टर की जरूरत है। बीजू बाबू के बारे में जो अपमानजनक बातें की गईं, मैं हैरान हूं।



### अंबिकापुर से दिल्ली कोलकाता सीधी उड़ान

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में हवाई कनेक्टिविटी को लेकर बड़ी खुशखबरी है। सीएम विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी फ्लाइट सेवा की शुरुआत की। उद्घाटन रायपुर से वर्चुअली किया, जबकि स्थानीय सांसद चिंतामणि ने दरिमा स्थित एयरपोर्ट पर हरी झंडी दी।



### बठिंडा में 2 ने आत्महत्या की, युवक का शव मिला

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में अलग-अलग स्थानों पर 3 घटनाओं ने इलाके को गमगीन कर दिया। 2लोगों द्वारा आत्महत्या करने और एक युवक का झील में शव मिलने से पूरे शहर में शोक है। पहली घटना सुर्खपीर रोड की गली नंबर 33 में सामने आई, जहां 40 वर्षीय लक्ष्मण ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



## दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी

# दिवालियापन प्रक्रिया में तेजी से होगा समाधान दुरुपयोग रोकने के लिए किया दंड का प्रावधान

## डिफॉल्ट साबित होने के बाद आवेदन 14 दिन में किया जाना अनिवार्य किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य दिवालियापन प्रक्रिया में गई कंपनियों के मामलों का तेजी से समाधान करना है। इस विधेयक में कंपनी के डिफॉल्ट साबित हो जाने के बाद दिवालियापन के आवेदनों को स्वीकार करने के लिए 14 दिनों की अनिवार्य समय सीमा निर्धारित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक में 12 संशोधन प्रस्तावित किए हैं ताकि समाधान तंत्र को और मजबूत किया जा सके। आईबीसी समाधान में देरी का मुख्य कारण व्यापक मुकदमेबाजी है और आईबीसी विधेयक में प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने दंड का प्रावधान है। आईबीसी ने बेहतर ऋण अनुशासन में योगदान दिया है और कंपनियों की क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार किया है। दिवालियापन समाधान प्रक्रिया से बाहर आने के बाद कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।



### यह बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में अहम

सीतारमण द्वारा पेश किए गए विधेयक पर लोकसभा में 27 मार्च को चर्चा हुई थी। यह विधेयक, जिसे पहले एक चयन समिति को भेजा गया था, कंपनी या व्यक्ति की दिवालियापन संबंधी मामलों के निपटारे में होने वाली देरी को दूर करने के लिए लाया गया है। सीतारमण ने सदन में कहा कि दिवालियापन संहिता (आईबीसी) ने बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कानून का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली तंत्र के रूप में कार्य करना नहीं था।

### कंपनियों को बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, जो 2016 में लागू हुई, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य में सुधार का एक प्रमुख कारक रही है। इस ढांचे ने कंपनियों को समय के साथ बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद की है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य संकटग्रस्त संपत्तियों का समाधान करना है, न कि केवल बकाया राशि की वसूली करना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईबीसी व्यवहार्य व्यवसायों को बचाने और उद्यम मूल्य को संरक्षित करते हुए वित्तीय संकट को दूर करने का एक ढांचा है। आईबीसी का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली का साधन बनना नहीं था।



### विपक्ष को न बहस में रुचि, न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान

राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बहस में रुचि है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय प्रक्रियाओं के प्रति कोई सम्मान है।

**सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार, विपक्ष बच रहाः** नड्डा ने कहा कि यह विपक्ष का यह व्यवहार इस बात का संकेत है कि विपक्ष को लोकतांत्रिक और संसदीय प्रक्रियाओं में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष बहस से बचने का प्रयास कर रहा है।

### पंजाब-हरियाणा में विरोध सीएम सुक्खू ने दी सफाई



एजेंसी ▶▶ शिमला


पड़ोसी राज्य पंजाब के साथ एंट्री टैक्स को लेकर उठे विवाद के बीच सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने कोई नया एंट्री टैक्स लागू नहीं किया है बल्कि पहले से लागू व्यवस्था में सीमित बढ़ोतरी की गई है, जिसे जल्द ही रैशनलाइज किया जाएगा। एंट्री टैक्स पिछले लगभग 30 वर्षों से लागू है और हालिया बढ़ोतरी मुख्य रूप से नेशनल हाईवे पर फास्टैग प्रणाली से इसे जोड़ने के कारण हुई है। सुक्खू ने कहा कि इससे छोटी गाड़ियों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है, जबकि बड़ी पर करीब 40 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है, साथ ही 5 किलोमीटर के दायरे में छूट देने का प्रावधान भी किया जाएगा एंट्री टैक्स को लेकर पंजाब और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों में काफी नाराजगी देखने को मिली है। ऐसे में आर्थिक बोझ बढ़ने की वजह से उनमें नाराजगी है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव का ऐलान

## देश में प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो कंपनियों को मदद भी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को साफ शब्दों में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम में शामिल कंपनियों को सरकारी सहायता तभी मिलेगी, जब वे भारत में प्रोडक्ट डिजाइन पर गंभीरता से निवेश करेंगी। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि प्रोत्साहन और समर्थन अब इस बात से जुड़े होंगे कि कंपनियां देश में डिजाइन, क्वालिटी और इंजीनियरिंग क्षमताओं को कितना विकसित कर रही हैं? मअगर कंपनियां सरकार की चार प्रमुख मांगों पर काम नहीं करती हैं, तो वह अगली इंडस्ट्री मीटिंग में शामिल भी नहीं होंगी।



### शर्तें अधूरी को रोक देंगे फंडिंग

वैष्णव ने कहा कि कंपनियों द्वारा डिजाइन और क्वालिटी क्षमताओं को विकसित करने की गति से वे निराश हैं और अगर सुधार नहीं हुआ तो सरकार कड़े फैसले लेने को तैयार है। अगर इंडस्ट्री हमारी अपेक्षाओं के मुताबिक कदम नहीं उठाती है, तो हम आगे की मंजूरी और फंडिंग रोक सकते हैं।मंत्री ने कहा कि कंपनियों को केवल असेंबली या बेसिक मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बल्कि उन्हें कॉन्सेप्चुअल डिजाइन, इंजीनियरिंग डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग डिजाइन तक अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। जिन प्रोजेक्ट्स को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, उनमें भी अगर शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो फंड जारी नहीं किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

| क्र0 सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-44/ 2025-26 | 1. प्रोविजन ऑफ सी० सी० टी० वी सर्विलांस सिस्टम एट आर पी एफ पोस्ट्स/आउट पोस्ट्स हैविंग कवरैज ओवर स्पेस प्रवाइडिड फॉर कीपिंग एक्यूज्ड एण्ड इंटेरोगेशन परपोज. 2. एक्सपेंशन ऑफ सी० सी० टी वी सर्विलांस नेटवर्क इन रैलवे हॉस्पिटल अंबाला कैंट। | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 9507636.25/- | Rs. 190200/- | 180 दिन |
| 2 | OT-45/ 2025-26 | 1. प्रोविजन ऑफ ई०सी० सॉकेट ऑन 6 क्वाड केबल इन सरहिन्द–ऊना हिमाचल, अंबाला डिवीजन। 2. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 6 मी साइज लिमिटेड हाइट सबवे इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 5, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी० जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन टू इलिमनैट लेवल क्रॉसिंग इन द सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी० ई०एन०/सी०डी०जी०. 3. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 5 मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 6 बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस०एस० ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/ सी०डी० जी० 4. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 5 मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 7. बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस० एस०ई० /डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन/सी०डी० जी० 5. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूव्मेंट/ अपग्रेडेशन एट डी०टी०टी० एस०/के० एल० के० एट के०एल० के०. 6. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूव्मेंट/ अपग्रेडेशन ऑफ सेफ्टी कैम्प डी०एम०पी. | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 6350180.94/- | Rs. 127000/- | 180 दिन |
| 3 | OT-46/ 2025-26 | प्रोविजन ऑफ क्लॉक्स एट एन.एस.जी. 3, एन.एस.जी. 4, एन.एस. जी.-5 & एन.एस.जी. 6 कैटेगरी स्टेशन्स ओवर अंबाला डिवीजन. | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 8591446.13/- | Rs. 171800 | 270 दिन |

नोटः– वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दंशार्थी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 2 निविदाकारों को ई–टेण्डरिग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले। **संख्याः– एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन0आई0टी–18/2025–26 दिनांकः– 30.03.2026** **1072/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित कुमार पुत्र** कुलदीप, **निवासः** गाँवः बीरधाना, थानाः दुजाना, जिलाः झज्जर, हरियाणा ने **FIR No. 362/2025 दिनांक 23.09.25 U/s 316(2)/ 318(2)/ 336(3)/ 340(2)/ 61(2) भारतीय न्याय संहिता., थानाः शाहीन बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 362/2025 दिनांक 23.09.25 U/s 316(2)/318(2)/336(3)/340(2)/61(2) भारतीय न्याय संहिता., थानाः शाहीन बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**छवि बंसल**
**जेएमएफसी-11, कमरा नं. 09**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/3924/SE/2026**
**(Court Notice)**



**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल बारह (12) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, गन्नौर, गाजियाबाद, करनाल, मेरठ सिटी, पलवल, पटौदी रोड, रोहतक, गुड़गांव रेलवे स्टेशन।

ख) **कुल अड़तीस (38) ट्रॉलीः** बल्लभगढ़, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद नया शहर, गढ़ी हरसरू, जाखल, जींद, खेकड़ा, मानसा, मेरठ शहर, नांगलोई, नरवाना, नोली, ओखला, पालम, शकूरबस्ती, शामली, टपरी, टोहाना, तुगलकाबाद, विवेक विहार, असावटी, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली सफदरगंज, देवबंद, खतौली, मंगोलपुरी, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, परतापुर, सकौती टांडा, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन।

ग) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, पानीपत, नरेला, बादली रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

घ) एनएसजी 1, 2, 3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, गनौर, बादली, सब्जी मंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।

ङ) प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं: विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

C. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

D. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

E. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.04.2026, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।

सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/ Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। **1061/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# विनफास्ट भारत में इलेक्ट्रिक कारों के बाद अब लॉन्च करने जा रही सस्ते स्कूटर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए कई नई कंपनियां एक के बाद एक नई लांचिंग कर रही हैं। इसी कड़ी में विनफास्ट ने भी भारत में अपनी शुरुआत कर दी है। फिलहाल कंपनी दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही है, लेकिन आने वाले समय में विनफास्ट अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने की तैयारी में है। विनफास्ट अब सिर्फ कारों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि आने वाले समय में भारत में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भी लांच करने की योजना बना रही है। कंपनी अपने ग्लोबल पोर्टफोलियो से कई स्कूटर्स भारत में ला सकती है। शुरुआत में इन स्कूटर को पूरी तरह भारत में बनाने की बजाय असेंबली रूट के जरिए पेश किया जाएगा। बाद में इन्हें भारतीय बाजार के हिसाब से लोकलाइज भी किया जाएगा।

**कंपनी भारत में स्कूटर असेंबली रूट के जरिए पेश करेगी**

## विनफास्ट भारत में फिलहाल दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही

### कैसा है स्कूटर का डिजाइन?

डिजाइन के मामले में ये स्कूटर सिंपल और फैमिलियर लुक के साथ आएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएं। इसके साथ ही इनमें कंफर्टेबल सीट भी दी जाएगी। जिस तरह विनफास्ट ने अपनी कारों की कीमतों को लेकर रणनीति अपनाई है, उसी तरह स्कूटर सेगमेंट में भी वह कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। पहले से मौजूद भारी कॉम्पीटिशन के बावजूद कंपनी धीरे-धीरे भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है। आने वाले समय में भारत में विनफास्ट के कई नए स्कूटर्स लॉन्च होने की उम्मीद है, जिससे ग्राहकों को एक और नया ऑप्शन मिलेगा



### हब-माउंटेड बैटरी

*इन स्कूटर्स की खासियत यह होगी कि इनमें हब-माउंटेड बैटरी दी जाएगी और कुछ मॉडल्स में डबल बैटरी ऑप्शन भी मिल सकता है, जिससे रेंज बढ़ जाएगी। खासकर विनफास्ट जैसे स्कूटर में 160 किमी से ज्यादा की रेंज मिलने की उम्मीद है, जो भारतीय ग्राहकों के लिए काफी आकर्षक हो सकता है।*

### कीमत होगी इतनी

कीमत की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 1 लाख रुपए से कम कीमत में लांच किए जा सकते हैं। इससे ये आम ग्राहकों के लिए भी किफायती ऑप्शन बनेंगे। वहीं कुछ प्रीमियम मॉडल 1 लाख रुपए से ऊपर भी होंगे। कंपनी के स्कूटर्स में इवो ग्रांड, फ्लेड, थ्रोर्न एस, वेरा एक्स और विनटो एस जैसे मॉडल शामिल हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नोएडा हवाई अड्डे को मिली नियामकीय मंजूरी




**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सभी नियामक स्वीकृतियां मिलने के बाद अब वाणिज्यिक संचालन शुरू करने को पूरी तरह तैयार है। टाटा प्रोजेक्ट्स ने सोमवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है जिसमें इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण का काम टाटा प्रोजेक्ट्स ने किया।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कीमतें बढाएगी




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए एक अप्रैल, 2026 से अपने कुछ मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कीमत वृद्धि उसके मुख्य खंड के मॉडल पर लागू होगी और एमजी सिलेक्ट चैनल के माध्यम से बेचे जाने वाले प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहनों एमजी एम9 और साइबरस्टर पर लागू नहीं होगी। यह मूल्य संशोधन लगातार बढ़ रही कच्चे माल की लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

चार दिन का सम्मेलन कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क से जुड़ी रोक बढ़ाने पर नहीं बनी सहमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया, लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है।

### अमेरिका पांच साल आगे बढ़ाने की मांग कर रहा

बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

**ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क लगाने की व्यवस्था पर नहीं बनी सहमति**

**डिजिटल डाउनलोड व स्ट्रीमिंग पर नहीं लगाया जाता सीमा शुल्क**

**इस शुल्क को हर दो साल के लिए बढ़ाया जाता है**

### कई विषयों पर जिनेवा में चर्चा जारी रहेगी

इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे। अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।





### समय की कमी के कारण कई मुद्दे लंबित

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि चार दिन की बैठक में व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई।


**स्थायी विस्तार के लिए बना दबाव :** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अमेरिका ने यूरोपीय संघ और जापान के समर्थन से दीर्घकालिक या स्थायी विस्तार के लिए दबाव डाला, जबकि भारत और अन्य विकासशील देशों ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि इससे राजस्व का नुकसान निश्चित हो जाएगा और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में नीतिगत गुंजाइश सीमित हो जाएगी।

### हर साल 10 अरब डॉलर का होगा नुकसान

*अब कई उत्पाद, जो पहले भौतिक रूप में बिकते थे, जैसे संगीत, फिल्में और किताबें, तेजी से डिजिटल रूप में उपलब्ध हो रही हैं। विकासशील देशों ने इस व्यवस्था का कई बार विरोध किया है क्योंकि उनके अनुसार डिजिटल आयात बढ़ने से उन्हें राजस्व का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि विकासशील देशों को हर साल करीब 10 अरब डॉलर का संभावित कर नुकसान हो सकता है, जबकि भारत को 50 करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है।*

# चांदी में 7,000 रुपये का उछाल और सोना 3,700 रुपये मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा खरीदारी
- चांदी बढ़कर 2.37 लाख प्रति किलो और सोना 1.51 लाख प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में लगभग तीन प्रतिशत का उछाल आया। शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा लिवाली के कारण चांदी 7,000 रुपये चढ़कर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, और सोना बढ़कर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 7,000 रुपये, या 3.04 प्रतिशत बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,700 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कीमतों में इस सुधार का श्रेय शादियों के सीजन से पहले की गई हाजिर लिवाली और वैश्विक बाजार के अनुकूल रुझानों को दिया।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोरावड़, खंड महम, जिला रोहतक में नया तालाब, इच्छा वाला तालाब, प्याबला तालाब, राठी वाला तालाब, मेदा वाला तालाब को मछली पालन हेतु पट्टे पर देने के लिए दिनांक 15 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे गोल चौपाल में खुली बोली करवाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति को 50 हजार रूपए सिक्योरिटी राशि मौके पर ही पहले जमा करानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

संपर्क सूत्र — सरपंच
7900300027 — ग्राम पंचायत गोरावड़
8168192798 — खंड महम जिला रोहतक

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# वोल्टास को सीमा शुल्क विभाग का मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह मामला 14 जून, 2019 से 21 जुलाई, 2022 की अवधि के दौरान कुछ आयातित वस्तुओं के गलत वर्गीकरण से संबंधित है।

# 50,000 रुपये से अधिक ब्याज आय पर कटेगा टीडीएस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह राशि एक लाख से अधिक हो जाती है

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत आने वाली सभी ''बैंकिंग कंपनियां'' निर्धारित सीमा से अधिक ब्याज आय पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) करेंगी। आयकर विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयकर कानून के अनुसार, यदि बैंक या डाकघर जमा से प्राप्त ब्याज आय एक वित्त वर्ष में सामान्य नागरिकों के लिए 50,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक लाख रुपये से अधिक हो जाती है, तो उस पर टीडीएस काटा जाता है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि नए आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 402 के तहत ''बैंकिंग कंपनी'' से तात्पर्य उन कंपनियों से है जिन पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 लागू होता है। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत 'बैंकिंग कंपनी' की परिभाषा में केवल वे कंपनियां ही नहीं, बल्कि उस अधिनियम की धारा 51 में उल्लिखित ''कोई भी बैंक या बैंकिंग संस्था'' भी शामिल हैं।

**हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद**
**जिला शाखाः रेवाड़ी**
**TENDERS**

राज्य स्तरीय बाल महोत्सव-2025 प्रतियोगिता दिनांक 13.04.2026 से 15.04.2026 (3 दिन) के दौरान निम्न सामान खरीदने। किराये पर लेने के लिये दिनांक 06.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक बंद लिफाफे में item wise per day rate किराये के लिये आमंत्रित है। बंद लिफाफे दिनांक 06.04.2026 को सॉय 1.00 बजे खोले जाएंगे।

1- निमंत्रण कार्ड, सर्टिफिकेट, बैनर / फ़्लेक्स, स्टेशनरी।
2- मुमेंटों, पेंटिंग, लोई, शाल।
3- खाद्य सामग्री सामान (नाश्ता, लंच, डिनर के लिए)।
4- नाश्ता, लंच, डिनर बनाने के लिये हलवाई व लेबर।
5- टेंटेज सामान, जरनेटर, साउंड सिस्टम, फोटोग्राफर (फोटो & विडियो)।

**नोटः निविदा । कुटेशन कार्य व अन्य जानकारी बाल भवन, रेवाड़ी में किसी भी कार्यदिवस को प्रातः 9.00 बजे सॉय 5.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।**

हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी
बाल भवन, मॉडल टाऊन, रेवाड़ी।

दिनांक : 30.03.2026

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.04.2026 को माननीय मुख्य मन्त्री श्री नायब सिंह सैनी जी की महम में रैली का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए जर्मन हैन्गार टैन्ट, कुर्सी, सौफा, टेबल, पर्दे, पंखे, कुलर आदि की व्यवस्था की जानी है। जिस बारे प्रदेश स्तरीय प्रशासकीय कार्यक्रम में अनुभवी टैन्टेज ऐजेन्सीयाँ नगर निगम रोहतक के प्रथम तल पर कार्यकारी अभियन्ता (मुख्यालय), के कार्यालय में दिनांक 01.04.2026 सुबह 11:00 बजे तक अपने कोटैशन जमा करवा सकते हैं। उक्त बारे विस्तृत जानकारी व विवरण हेतु उक्त कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कृते/- आयुक्त
पीआरडीएच-1029/11/739/2026/44312/88/6 दि. 30.03.26 — नगर निगम रोहतक

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

### अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़का, निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार का चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 488 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने और कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी ने भी घरेलू शेयर बाजारों में नरमी के रुख को बढ़ाया है। बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22 प्रतिशत टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,809.09 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,563 नुकसान में, जबकि 876 लाभ में रहे। वहीं 154 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ।

### वनस्थली विद्यापीठ का 90वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयपुर।** वनस्थली विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समारोह में मुख्य अतिथि अरविन्द लिमिटेड के उपाध्यक्ष श्री पुनीत लालभाई थे। मुख्य अतिथि महोदय का पारस्परिक स्वागत विद्यापीठ की अध्यक्ष, प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति, प्रो० ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष, प्रो० सुधा शास्त्री, वनस्थली सेंटर ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री, छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत द्वार पर वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। छात्राओ ने पारंपरिक स्वागत गान एवं सूत की माला पहनाकर उनका अभिवादन किया। स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने वनस्थली की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल 'श्री शांताबाई शिक्षा कुटीर व संस्थापकों के मूल निवास स्थान गाँधी घर का अवलोकन किया।

### पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते इक्रा ने घटाई भारत की जीडीपी वृद्धि दर


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची ऊर्जा कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं से वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके चालू वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इक्रा के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। रेटिंग एजेंसी ने साथ ही कहा कि भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी का 1.7 प्रतिशत हो सकता है जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग एक प्रतिशत रह सकता है। इक्रा के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान से महंगाई बढ़ने का जोखिम है, जो परिवारों की मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को प्रभावित कर सकता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | सब-यार्ड गढ़ी (एम.सी. नरवाना) में एनजीएम में अतिरिक्त एक अदद हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना और सर्विस लाइन का प्रावधान + 1 कार्य। | 27.03.2026 03.04.2026 | 14,53,393/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/44290/I/88/6 दि. 30.03.26

## शब्द पहेली - 6181




**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6180 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



**नक्सल मुक्त भारत बनाने की डेडलाइन आज तक की**

## लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह-देश अब लगभग नक्सलवाद से मुक्त

# जो हथियार उठाएगा कीमत चुकाएगा गोली का जवाब गोली से ही मिलेगा

*शाह ने कहा कि सिर्फ नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों होती है। नक्सलियों से पीड़ित लोगों के मानवाधिकार की बात क्यों नहीं होती। मानवता के दोहरे चरित्र को हम नहीं मानते*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में सोमवार को नक्सल मुक्त भारत पर अहम बहस हुई। केंद्र सरकार की ओर से नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान का पूरा खाका पेश किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के समय आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया। अमित शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। इससे देश के पिछड़े इलाकों का विकास हुआ। फिर नक्सलवाद को खत्म करने का अभियान शुरू हुआ क्योंकि इन इलाकों में नक्सलवाद के चलते विकास में काफी परेशानी आ रही थी।

- पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया
- सीएपीएफ, कोबरा, राज्य पुलिस, डीआरजी के जवान और स्थानीय आदिवासियों को इसका श्रेय



**बस्तर में हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली, हर गांव में विकास पहुंचा**

**शाह ने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया**

### कांग्रेस पर किया हमला

**ये अपने आदर्श भी विदेश से इंपोर्ट करते हैं :** शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश के सामने स्वीकार किया था कि कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट से भी बड़ी चुनौती देश के सामने नक्सलवाद है, लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। 12 राज्यों को रेड कॉरिडोर बना दिया गया और वहां कानून का शासन समाप्त कर दिया गया। 12 करोड़ लोग गरीबी के अंदर सालों तक जीते रहे। दोनों तरफ से 20 हजार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए, आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इनके आदर्श देखिए, हमारे 10 हजार साल के इतिहास में कितने महान महापुरुष हुए हैं।

### सीपीआई ने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था

शाह ने कहा कि जैसे ही रूस में साम्यवादी सरकार का गठन हुआ, यहां 1925 में सीपीआई की स्थापना हुई। रशिया में कम्युनिस्टों की सरकार बनना, और उसी समय यहां सीपीआई की स्थापना होना...इसके बीच में कोई संबंध है क्या? जिस पार्टी की नींव ही किसी दूसरे देश की प्रेरणा से रखी गई, वो हमारे देश का भला कैसे सोचेंगे? इन्होंने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था।

### नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों?

गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग बातों से नहीं मानते हैं, उनके लिए बल प्रयोग जरूरी होता है। विपक्ष नक्सलवाद का महिमामंडन न करे। नक्सलियों से लड़ते हुए 5 हजार सुरक्षाबल शहीद हो गए।

# चांद की परिक्रमा करेंगे चार अंतरिक्ष यात्री

**1972 के बाद पहली बार मानव इतनी लंबी यात्रा पर जाएगा**

**इस दशक के अंत तक एक बार फिर चांद की सतह पर मानव को उतारेगा नासा**

***वाशिंगटन (एजेंसी)।*** *नासा चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर यात्रा कराकर वापस लाने की तैयारी कर रहा है। इनमें तीन अमेरिका और एक कनाडा से है। 1972 में अपोलो 17 मिशन के बाद यह पहली बार होगा जब कोई मानव पृथ्वी से इतनी दूर यात्रा करेगा। यदि नासा का यह आर्टेमिस II मिशन सफल होता है, तो इस दशक के अंत तक चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले मिशन शुरू हो सकते हैं।*

### स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट क्या है?

यह नासा का नया विशाल रॉकेट है, जो अपोलो मिशनों में उपयोग किए गए सैटर्न 5 का आधुनिक संस्करण है। इसकी ऊंचाई 322 फीट है और ईंधन भरने पर इसका वजन 57.5 लाख पाउंड होता है। यह नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा और लगभग 60,000 पाउंड भार को चंद्रमा तक भेज सकता है। इसका डिजाइन 1970 के दशक में विकसित स्पेस शटल तकनीकों का मिश्रण है। नासा ने एसएलएस रॉकेट और ओरियन कैप्सूल का डिजाइन तैयार किया है, जबकि स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन को भविष्य के मिशनों के लिए मून लैंडर बनाने का काम दिया गया है। नासा ने 2023 में चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया गया था और तब से वे इस मिशन की तैयारी कर रहे हैं। तीन नासा अंतरिक्ष यात्री कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर और मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच पहले इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जा चुके हैं। विक्टर ग्लोवर चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति होंगे व क्रिस्टिना कोच यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला होंगी। कनाडा के मिशन विशेषज्ञ जेरेमी हानसन अभी तक अंतरिक्ष में नहीं गए हैं। वे पहले ऐसे व्यक्ति होंगे जो नासा के अंतरिक्ष यात्री नहीं हैं और इस यात्रा का हिस्सा बनेंगे। ओरियन अंतरिक्ष यान इन अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा तक ले जाएगा और वापस लाएगा। इसका ऊपरी हिस्सा (क्रू मॉड्यूल) पृथ्वी पर लौटेगा और प्रशांत महासागर में सैन डिएगो के तट के पास उतरेगा।

### इस यान के दो मुख्य हिस्से हैं

**क्रू मॉड्यूल : जिसमें अंतरिक्ष यात्री 10 दिनों तक रहेंगे**

सर्विस मॉड्यूल : इसे यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने बनाया है, इसमें प्रोपल्शन, ऊर्जा और लाइफ सपोर्ट प्रणाली होती है। इस कैप्सूल को इंटीग्रिटी नाम दिया गया है और यह 21 दिनों तक चार अंतरिक्ष यात्रियों को सहारा दे सकता है।

**नासा फिर से चंद्रमा पर क्यों जा रहा है?**

जब नील आर्मस्टांग ने चंद्रमा पर कदम रखा, तब कई लोगों ने माना कि स्पेस रेस जीत ली गई है और आगे के मिशन जरूरी नहीं हैं। इसके बाद दशकों तक नासा ने पृथ्वी की निचली कक्षा में स्पेस शटल और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ध्यान केंद्रित किया। डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में चंद्रमा पर जाना प्राथमिकता बना और यह कार्यक्रम जो बाइडन के कार्यकाल में भी जारी रहा।

**आर्टेमिस मिशनों का विवरण**

आर्टेमिस I (2022): नवंबर 2022 में लॉन्च हुआ पहला मिशन, जिसमें बिना मानव के ओरियन कैप्सूल को चंद्रमा की कक्षा में भेजा गया। यह 26 दिन बाद पृथ्वी पर लौटा।

**आर्टेमिस II (वर्तमान मिशन)**

इसका उद्देश्य ओरियन के लाइफ सपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण सिस्टम का परीक्षण करना है। यदि पृथ्वी की कक्षा में कोई समस्या आती है, तो अंतरिक्ष यात्रियों को वापस बुलाया जाएगा। यह मिशन फ्री रिटर्न ट्रेजेक्टरी पर होगा यानी चंद्रमा की गुरुत्वाकर्षण शक्ति ही यान को वापस पृथ्वी की ओर मोड़ देगी, बिना इंजन चलाए। चंद्रमा के दूर वाले हिस्से से गुजरते समय अंतरिक्ष यात्री उन क्षेत्रों को देखेंगे, जिन्हें मानव ने पहले कभी नहीं देखा। इस दौरान 30 से 50 मिनट तक संचार बाधित रहेगा।

**भविष्य के मिशन**

पहले योजना थी कि आर्टेमिस III 2028 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करेगा, लेकिन अब इसे 2027 तक पृथ्वी की कक्षा में परीक्षण उड़ान के रूप में बदला गया है। इसके बाद आर्टेमिस IV और V (2028) में लैंडिंग के प्रयास हो सकते हैं।

**भोजशाला परिसर विवाद फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट**

# मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी और साक्ष्यों का मुद्दा उठाया

*हाईकोर्ट प्रक्रिया पर उठाए सवाल, दलीलों को सुने बिना प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं*


भोजशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में चल रहे विवाद ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच की कार्यवाही से असंतुष्टि जताते हुए देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आवेदन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को होने वाली प्रस्तावित सुनवाई से पहले, उनकी आपत्तियों पर 1 अप्रैल को ही विचार किया जाए। सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने बीते 11 मार्च को एएसआई द्वारा किए जा रहे सर्वे की वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने की आधिकारिक मांग की थी। मुस्लिम पक्ष का आरोप है कि 16 मार्च को हुई पिछली सुनवाई के दौरान इस महत्वपूर्ण विषय पर न तो कोई चर्चा की गई और न ही अदालत की ओर से कोई ठोस आदेश पारित किया गया।

# रामनवमी पर्व के साथ मनाया स्वामी रामदेव का 32वां संन्यास दिवस

**हरिद्वार।** पतंजलि वेलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित बृहद् सभागार योगभवन में आज रामनवमी के पावन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज का 32वां संन्यास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि आज हम तीन-तीन पर्व एक साथ मना रहे हैं।



आज राम नवमी भी है, नवरात्रि की पूर्णता भी है और पतंजलि का यशस्वी सन्यास दिवस भी है। उन्होंने सभी देशवासियों को रामनवमी की तथा पतंजलि संन्यासाश्रम के युवा संन्यासियों को उनके संन्यास दिवस की शुभकमानाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में स्वामी जी ने कहा कि हम सभी अपने जीवन में राम के रामत्व की, कृष्ण के कृष्णत्व की, शिव के शिवत्व की, आत्म तत्व की, हिंदुत्व की, वेद तत्व की, सनातन तत्व की व दैवीय संपद की प्रतिष्ठा करें। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में दैवी संपद नहीं है वो हिंदू सनातनी और राम-कृष्ण का वंशधर नहीं है। वो ऋषि ऋषिकाओं की संतान नहीं है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ के माध्यम से पिछले 32 वर्षों में हमने शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान, कृषि, उद्योग, रोजगार, प्रकृति, पर्यावरण, चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण, युग निर्माण, वेदधर्म, राष्ट्रधर्म व सनातन धर्म की सेवा में ऐतिहासिक योगदान दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने किया आदेश में संशोधन, दो मामले किए रिकॉल...**


# 13% आरक्षण को 'होल्ड' रखने के मसले पर कोर्ट खुद करेगा सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

**कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया**



मध्यप्रदेश में चल रहे ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए दो मामलों को रिकॉल किया है। अब 13 फीसदी आरक्षण को होल्ड रखने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट खुद सुनवाई करेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट दूसरे अप्रैल के दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया गया है, जिसकी सुनवाई अप्रैल के दूसरे हफ्ते में होगी। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 54 और याचिकाएं जबलपुर हाईकोर्ट में ट्रांसफर की हैं। ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 103 याचिकाओं पर हाईकोर्ट 2 से 15 अप्रैल तक नियमित सुनवाई करेगा। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कोर्ट में दलील देने वाले सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के प्रकरणों में 19 फरवरी 26 को पारित आदेश में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 52 प्रकरणों को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट वापस भेजा है। ट्रांसफर केसों में से दो मामलों में अब सुप्रीम कोर्ट खुद सुनवाई करेगा। संशोधित आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के बकाया 52 प्रकरणों को जबलपुर हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया गया है। इन प्रकरणों में ओबीसी वर्ग का शासन की ओर से विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एमपी हाईकोर्ट जबलपुर में ओबीसी आरक्षण के विचाराधीन सभी केसों कों एमपी सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कराया गया था, दो अलग-अलग बेंचों में अलग-अलग खंडपीठ के समक्ष पेंडिंग थे।



## चिंतन

# बिहार की राजनीति से नीतीश की केंद्र में एंट्री

बिहार की राजनीति में एक संभावित बड़े मोड़ की आहट सुनाई दे रही है। सीएम नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा महज़ एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक लंबे राजनीतिक युग के अंत का संकेत है। जिस नेता ने लालू प्रसाद यादव के कथित जंगलराज के बाद सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया, वही अब केंद्र की ओर कदम बढ़ाते दिख रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता संरचना और राजनीतिक संतुलन का भी पुनर्संयोजन है। नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर हमेशा से व्यावहारिकता, संतुलन और समय के साथ खुद को ढालने की क्षमता का प्रतीक रहा है। वे न तो पूर्णतः वैचारिक राजनीति के बंधन में बंधे, न ही केवल अवसरवाद के प्रतीक बने। यही कारण है कि वे कई बार सत्ता के समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, लेकिन इस बार मामला अलग है। राज्यसभा के लिए उनका चुना जाना और उसके बाद विधान परिषद से इस्तीफा देना इस ओर संकेत करता है कि उनकी भूमिका अब राज्य की सीमाओं से बाहर जाकर राष्ट्रीय राजनीति में अधिक प्रभावशाली हो सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि केंद्र में उनकी भूमिका क्या रहेगी। संवैधानिक रूप से भले ही वे छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, परंतु संकेत साफ हैं बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की जमीन तैयार हो चुकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में पहली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना पाएगी? भाजपा के लिए यह अवसर जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। अब तक बिहार की राजनीति में वह सहयोगी की भूमिका में रही है, जहां अंतिम निर्णयों में जनता दल (यूनाइटेड) और विशेषकर नीतीश कुमार का प्रभाव निर्णायक रहा। यदि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाती है, तो उसे केवल सत्ता संभालने की नहीं, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों को साधने की कठिन परीक्षा से भी गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी ओबीसी समीकरणों को साधने में भाजपा के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वहीं नित्यानंद राय का नाम भी चर्चा में है, जो यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में अनुभव रखते हैं। इन नामों के बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बिहार की राजनीति में जातीय आधार अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू है नीतीश कुमार की "मौन सहमति"। भले ही वे औपचारिक रूप से पद छोड़ दें, लेकिन उनके राजनीतिक प्रभाव को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए जोखिम भरा होगा। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार में स्थिरता बनाए रखने के लिए नीतीश की भूमिका अभी समाप्त नहीं हुई है। उनकी सहमति और समर्थन के बिना कोई भी नया नेतृत्व अस्थिरता का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, विपक्ष भी इस बदलाव को अवसर के रूप में देख रहा है। राजद और अन्य दल इस स्थिति में राजनीतिक असंतोष को भुनाने की कोशिश करेंगे। यदि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन में कोई चूक करती है, तो यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका बन सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार एक नए राजनीतिक अध्याय के द्वार पर खड़ा है। नीतीश की केंद्र में संभावित एंट्री जहां राष्ट्रीय राजनीति को नया आयाम दे सकती है, वहीं, राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कई नए समीकरणों को जन्म देगा। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने वाला क्षण है।

# माओवाद का खात्मा और पुनर्वास नीति



मुद्दा
उमेश चतुर्वेदी

2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि भाजपा सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। राज्य सरकारों ने नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी है।

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि पापा राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं। 2014 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, जिसमें विद्याचरण शुक्ल समेत छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे तो नक्सली खुद भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस की सरकार उस स्तर तक माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह के कदम बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं।

बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। मनमोहन सिंह की अगुआई वाली तत्कालीन केंद्र सरकार माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना चुकी थी, लेकिन माओवादी विचारधारा वाली सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसने त्याग दिया था, लेकिन बीजेपी ने माओवादियों के लिए कोई रियायत नहीं बरती। 2019 में केंद्रीय गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष तौर पर उल्लेख किया जाना चाहिए। माओवादी विचारधारा के प्रभाव आकर घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और मौजूदा सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों ने ही भूमिका नहीं निभाई है, बल्कि राज्यों की पुनर्वासय योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेम' अभियान प्रमुख रहा। इन दोनों शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इस योजना के तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने क के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक



सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। इसका मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बीता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। ये योजनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं और जारी भी हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था, लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने बस्तर जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी दिखाई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। अब इस इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी लोगों का रवैया बदला।

इसका असर साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ में पिछले 26 महीनों में 2,700 से अधिक माओवादियों ने सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण किया है। सिर्फ मार्च 2026 में जगदलपुर में 108 माओवादियों ने समर्पण किया। इसके पहले 210 ने किया था। अक्टूबर 2025 में भी170 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसे राज्य में नक्सलविरोधी सुरक्षा अभियान और पुनर्वास कार्यक्रम की मिलीजुली सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। माओवादी अगर मुख्यधारा में लौटे तो इसकी एक मात्र वजह सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के ₹विश्वास, विकास और सुरक्षा₹ के त्रिकोणीय मॉडल की कामयाबी रही। छत्तीसगढ़ सरकार अब इससे भी आगे बढ़ गई है और पुनर्वास से पुनर्जीवन की नीति पर आगे बढ़ रहा है। कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इन इलाकों में देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इस लिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

(लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ईंधन संकट
अखिलेश आर्येन्दु



# रूस का खामोश खेल और भारत में तेल-गैस की चुनौती

रूस ने 1 अप्रैल से चार महीने के लिए पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात को स्थगित करने की घोषणा की है। इस घोषणा के पीछे रूस ने अपने घेरलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ रही कीमतों को नियंत्रित करने के बाबत उठाया गया कदम बताया है। रूस की इस घोषणा से दुनियाभर में तेल की कीमतों में हलचल देखा जा रहा है। रूस रोज़ाना 1,20,000 से 1,70,000 बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसको रोजाना करोड़ों डालर की आमदनी होती है। ब्राजील, चीन, तुर्की, सिंगापुर और अफ्रीका उसके मुख्य तेल के खरीददार हैं। भारत भी बहुत बड़े पैमाने पर रूस से तेल खरीदता है, लेकिन वह तेल कच्चा होता है। रूस से जो तेल भारत को अभी तक मिलता रहा है वह अन्य देशों से खरीदे गए तेलों से सस्ता और बेहतर है। इसलिए कहा जा रहा है कि जब रूस तेल निर्यात करना बंद कर देगा तो, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते दामों पर खरीदने का कार्य किन देशों से करेगा? यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया के दूसरे देशों को तेल देना भले बंद कर देगा, लेकिन भारत को कच्चा तेल देना बंद नहीं करेगा। सवाल यह किया जा रहा है कि रूस तेल के मामले में इस तरह का कदम क्यों उठाने जा रहा है? इसके पीछे उसका कोई बड़ा मकसद हासिल करना है या दुनिया को यह एहसास कराना है कि महाशक्ति रूस है, अमेरिका नहीं, जिसके पास तेल रूपी हथियार की वह ताकत है जो अमेरिका के पास नहीं है। सामरिक जानकारी रखने वालों का कहना है कि तेल निर्यात बंद करने की घोषणा के पीछे रूस का वह खामोश खेल है जो वह चुपचाप खेल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया की तेल के बाजारों में तेल की कीमतों को उस ऊंचाई तक ले जाना चाहेगा जिससे उसे बहुत बड़ी धनराशि कुछ ही दिन में मिल जाएगी। दूसरी बात। रूस की इस नई घोषणा से तेल के लिए निर्भर देश उससे इस घोषणा को वापस लेने का दबाव बना सकते हैं, जिसके जवाब में रूस अपनी नई नीति और योजना का खुलासा उपयुक्त अवसर पर कर सकता है। इस वक्त दुनिया के तेल बाजार में उतार-चढ़ाव की हलचल देखी जा रही है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध होते 20 दिन गुजर चुके हैं। अमेरिका ने एक सप्ताह पहले भारत सहित दुनियाभर के उन देशों से निवेदन किया था कि रूस से तेल खरीदने वाले सभी देश वहां से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदें, जिससे दुनिया में तेल को लेकर कोई संकट न खड़ा हो। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा तेल जहाजों की नाकेबंदी ने अमेरिका की इस अपील को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। यहां तक कि चीन के तेल टंकरों को ईरान (होर्मुज) गुजरने की अनुमति नहीं दे रहा है।

रूस की खामोशी इस तरह की है जैसे बरात बिदा हो जाने के अगले दिन होती है। वह ईरान को मदद इस तरह से कर रहा है जो न तो पूरी तरह परोक्ष है और न तो पूरी तरह अपरोक्ष ही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया और अपने मित्र देशों से दिलवाया भी, लेकिन रूस की नीति इस मामले में एकदम अलग तरह की है। वह ईरान को नैतिक मदद दे रहा है साथ ही, तेल के मामले में ईरान को होर्मुज में नाकेबंदी कर आमदनी बढ़ाने की सलाह गुपचुप दे रहा है।

भारत में धीरे-धीरे ही सही गैस और तेल संकट का आगाज दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार लगातार गैस और तेल की किल्लत से इनकार जरूर कर रही है, लेकिन दिल्ली से बाहर गैस संकट साफ दिखाई देने लगा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से गैस और तेल के जहाज भारत पहुंच तो रहे हैं, लेकिन उतने नहीं, जितने की जरूरत है। दूसरी बात। देशभर में जमाखोरों के पौ-बारह होते दिखाई दे रहे हैं। यह भ्रष्टाचार, चोरबाजारी और कालाबाजारी की वजह से आया हुआ संकट है, जिसे तेल आयात करके नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और खुफिया-तंत्र को सक्रिय और जागरूक करके कम किया जा सकता है। गैस और तेल की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर होने की कावयद वर्षों से होती रही है, लेकिन सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गैस गोबर और कचरे व अन्य चीजों से बनाई तेल व गैस की पूर्ति नहीं हो पाई है। भारत के सामने जैसी चुनौती है उससे कहीं ज्यादा चुनौती भारत के पड़ोसी देशों में देखी जा रही है। फिर भी परेशानी से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार पूरी तरह मुस्तैदी से इस संकट को दूर करने में अपना उच्चतम प्रयास कर रही है, जिसमें सफलता भी मिल रही है, लेकिन देश के हर व्यक्ति को इस नए संकट से पैदा होने वाली परेशानियों और चुनौतियों को मिलकर हल करना होगा, जो धैर्य के साथ हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाती है शिक्षा

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यंत गहरा माना गया है, परंतु केवल पुस्तकीय ज्ञान या डिग्रियों का संग्रह ही किसी को शिक्षित नहीं बनाता। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाए। यदि कोई व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है तो वही सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाने योग्य है। इसके विपरीत यदि मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं है तो ऐसी शिक्षा का कोई वास्तविक मूल्य नहीं रह जाता। जीवन में महान कार्यों की प्राप्ति तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपने विचारों तथा भावनाओं को दिशा देने में सक्षम हो। इतिहास इस सत्य का साक्षी रहा है कि आत्मसंयम के अभाव में असंख्य लोगों का जीवन नष्ट हुआ है। अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी ही कमजोरियों के कारण सब कुछ खो बैठे। *-बबीता कौशिक, सोनीपत*

## करंट अफेयर

# इजराइल की संसद ने पारित किया बजट



इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले एक मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। नेतन्याहू के पास अब भी यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि वह चाहें तो समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान में युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से अभी तक उबर नहीं पाया है। नेता प्रतिपक्ष यायर लैपिड ने इसे 'देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी' बताया। आगामी चुनावों में नेतन्याहू को चुनौती देने की उम्मीद रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने लिखा, 'लालच और छल की सरकार ने रात में डकैती की है।' विपक्षी दल अंतिम समय में किए गए उस संशोधन से विशेष रूप से नाराज थे, जिसमें अति-रूढ़िवादी स्कूलों को अतिरिक्त 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान किए गए थे।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के होते हैं कई फायदे

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं।



लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

## X ट्रेंड f

### आदिवासियों को अंधेरे में रखा



जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### जीएसवी में बने उत्कृष्टता केंद्र



विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास के लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। विमानन, रेलवे, समुद्री, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे क्षेत्रों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण में उच्च स्तर की सटीकता और प्रयास की जरूरत होती है। **-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

### देश को बांट रही भाजपा



भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखाएगी। भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया है। **-ममता बनर्जी,** सीएम, बंगाल

### सबको पता है सच



केरल की जनता जमीनी सच्चाई अच्छी तरह जानती। किसी भी बयान से हकीकत नहीं बदलेगी। पूरा केरल जानता है कि असली गठबंधन किसके बीच है। प्रधानमंत्री कुछ भी कहें, सच सबको पता है। भाजपा कभी भी देश का विकास नहीं कर सकती। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पहला मैच, बड़ी चुनौती, खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था, जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाए हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।



### गुजरात टाइटंस की टीम संतुलित

अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाए थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है।गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।

### टीमें इस प्रकार

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस** : शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया , राशिद खान

**मैच** : शाम 7.30 से

### श्रेयस पर करेगा बहुत कुछ निर्भर

*पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, जो तीन अलग-अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाए थे। पंजाब की ताकत उसके भारतीय क्रिकेटरों में है जिनमें सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य शामिल है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हालांकि उनका बल्ला खामोश रहा था। मध्यक्रम में निहाल वढेरा, शशांक सिंह और सूर्यांश शेडगे हैं, जिनका सामना राशिद खान की अगुवाई में बेहतरीन स्पिन आक्रमण से होगा।*

## खबर संक्षेप



### महिला एशियाई कप के लिए टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को थम्मासैट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद 5 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची और उन्हें स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले।

### क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी : रहाणे



**मुंबई।** अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिए क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की, जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। रहाणे ने कहा,' लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं।

### अफरीदी और रजा ने तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल



**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग की लाहौर कलंदर्स टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी और विदेशी खिलाड़ी सिकंदर रजा को उनके होटल का टीम सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का दोषी पाया गया है। लाहौर डीआईजी ने पीएसएल के सीईओ को बताया कि शहर के पांच सितारा होटल में जहां आठ टीमें ठहरी हैं, सुरक्षा प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूर्व चेतावनी और मनाही के बावजूद शाहीन और सिकंदर ने रजा के आठवें माले स्थित कमरे में रात डेढ बजे तक चार मेहमानों की मेजबानी की।

### इंडियन प्रीमियर लीग: जडेजा, आर्चर और बर्गर को 2-2 विकेट


# सूर्यवंशी के ताबड़तोड़ अर्धशतक से रॉयल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को रौंदा

▶▶ सुपर किंग्स 127 रन बनाकर ऑलआउट

▶▶ राजस्थान आठ विकेट से जीता, नांद्रे मैन आफ द मैच

भाषा ▶▶ गुवाहाटी

नंद्रे बर्गर (26 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद हाल ही में अपना 15वां जन्मदिन मनाने वाले वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी-20 मैच में सोमवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से रौंदकर अपने अभियान का बेहतरीन तरीके से आगाज किया। जैमी ओवरटन की 36 गेंदों में 43 रन की पारी के बावजूद चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम 19.4 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच बर्गर, जोफ्रा आर्चर, रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान की ओर से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। सूर्यवंशी ने 17 गेंदों की पारी में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 52 रन बनाए, जिससे जीत के लिए मिले 128 रन के लक्ष्य को राजस्थान रॉयल्स ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। यह मैच में बची हुई गेंदों के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत है।







सूर्यवंशी ने अपना अर्धशतक महज 15 गेंदों में पूरा कर अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद खुद को शानदार तोहफा दिया। उन्हें यशस्वी जायसवाल का अच्छा साथ मिला। दोनों ने महज 38 गेंदों में 75 रन की साझेदारी कर पावरप्ले में ही टीम की जीत लगभग पक्की कर दी थी। अंशुल कंबोज ने चेन्नई के लिए दो विकेट लिए, लेकिन यह राजस्थान की तूफानी बल्लेबाजी को रोकने के लिए काफी नहीं था। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने मैट हेनरी का स्वागत चौके और छक्के से करने के बाद उनके अगले ओवर में एक और छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए अंशुल कंबोज की लगातार गेंदों पर चौका लगाने के बाद लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा, जिससे टीम ने पांचवें ओवर में 50 रन पूरे किए। सूर्यवंशी ने छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए नूर अहमद के खिलाफ लगातार दो छक्कों के साथ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह राजस्थान के लिए दूसरा सबसे तेज और किसी भारतीय बल्लेबाज का इस लीग में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

**चेन्नई-127/10 (19.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज बो आर्चर | 06 |
| आयुष स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 16
कुल योग: (19.4 ओवर में सभी आउट) 127 रन
विकेट पतन: 1-14, 2-19, 3-19, 4-38, 5-51, 6-57, 7-74, 8-82, 9-94
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

**रॉयल्स-128/2 (12.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| वैभव का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

अतिरिक्त: 06
कुल योग: 12.1 ओवर में दो विकेट पर 128 रन
विकेट पतन: 1-75, 2-99
गेंदबाजी: हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

## प्रज्ञानानंदा और कारुआना पहले राउंड के बाद टॉप पर



एजेंसी ▶▶ पाफोस

■ सिंदारोव ने एसिपेंको को हराया, कारुआना ने नकामूरा को दी मात

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराकर की और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारुआना तथा उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पहले दौर में विश्व कप चैंपियन सिंदारोव ने रूस के आंद्रेइ एसिपेंको को हराया जबकि कारुआना ने अमेरिका के ही हिकारु नकामूरा को मात दी। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में जर्मनी के मथियास ब्लूबाम और चीन के वेइ यि के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

### दिव्या ने मुजिचुक से खेला ड्रॉ



महिला वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जो कोनेरु हम्पी की जगह खेल रहीं हैं । वहीं आर वैशाली ने कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा से ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने हमवतन कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला जबकि चीन की झू जिनेर और तान झोंग्यी के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट ओपन और महिला वर्ग में खेला जाता है, जिससे अगले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय डी गुकेश और चीन की जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं।

### यानिक ने लगातार 34 सेट जीतकर बढ़ाया रिकॉर्ड

## सिनर का 'सनशाइन डबल' पूरा, लेहेका को हराकर मियामी ओपन पर कब्जा

■ फेडरर के बाद कमाल करने वाले सिनर बने दूसरे पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं।

सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।



### पहली सर्विस पर जीते 92 प्रतिशत अंक

दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी सिनर ने मुकाबले में अपनी पहली सर्विस पर 92 प्रतिशत अंक जीते और पूरे मैच के दौरान मिले तीनों ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 मुकाबलों में बिना सेट गंवाए अपनी जीत की सीरीज को 17 तक पहुंचा दिया।

## 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं छठी जोड़ी बनी टेलर-कैटरीना



अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 (0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा (1997), हिंगिस (1999), और बेथानी माटेक-सैंड्स (2016) ने अलग-अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## प्रीति और दीपक ने की जीत से शुरुआत

**उलानबटोर।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पंवार और दीपक ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वजन वर्ग में प्रीति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा (2025 की पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन हैं) के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पुरुषों के 70 किग्रा वजन वर्ग में दीपक (बॉक्सैम एलीट अंतरराष्ट्रीय 2026 टूर्नामेंट के रजत पदक विजेता और एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता) ने उज्बेकिस्तान के खावासबेक असदुल्लाएव को 3-2 के विभाजित फैसले में हराया। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पूरे महाद्वीप के कुछ बेहतरीन मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।



शीतल बनीं विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज

## शीतल देवी ने जीता सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज का खिताब

एजेंसी ▶▶ लुसाने

भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है, जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजाएं नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है।

### शीतल ने की कई उपलब्धियां हासिल



विश्व तीरंदाजी ने कहा,'भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है, जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है।

### मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा

शीतल ने एक्स पर लिखा,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिए मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।'

### मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन पर दे रही ध्यान

# मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक : कोमोलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।



### गंभीरता से कर रही हूं तैयारी : कोमोलिका

कोमोलिका ने कहा, 'मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।'

### मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। कोमालिका ने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है।' उन्होंने कहा, 'अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।'




# अमेरिका ने दागीं थीं अनटेस्टेड 'प्रिज्म' मिसाइलें जो भटककर स्कूलों पर गिरी थीं




अमेरिकी सेंट्रल कमांड के फुटेज और रिपोर्टों से की गई पुष्टि

*इस हमले में ईरान के सैन्य ढांचे, जहाजों, एक पनडुब्बी और कुछ जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुछ खबरों के अनुसार, इस हमले के दौरान लामर्डमें एक खेल परिसर और स्कूल भी प्रभावित हुए। एक लॉन्चर दो प्रिज्म मिसाइल ले जा सकता है। भविष्य में 1000 किमी तक हमले के लिए विकसित करने की योजना है*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी) में बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों और प्रिज्म मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए हमलों में, अमेरिका ने एक महीने के भीतर 850 से अधिक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं। अमेरिकी नौसेना के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस स्प्रूंस ने इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान के सैन्य ठिकानों, परमाणु सुविधाओं और अन्य 3,000 से अधिक लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों के दौरान एक मिसाइल कथित तौर पर ईरान के मिनाब शहर में एक लड़कियों के स्कूल के पास गिरी, जिसमें 175 से अधिक लोग मारे गए। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। इस दृष्टिक से टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है।

## अमेरिका के पास करीब 4000 टॉमहॉक मिसाइलें

टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है। टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ। अमेरिका ने इराक पर दूर से सैकड़ों मिसाइलें दागीं थीं। टॉमहॉक को समुद्र में मौजूद युद्धपोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है, जिससे दुश्मन के इलाके में घुसे बिना हमला संभव हो जाता है। अमेरिका बीते एक महीने से ईरान पर हमले कर रहा है। यह पूरी तरह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' है। यानी हमला इतनी दूर से किया गया कि अमेरिकी सैनिकों को जमीन पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## 'प्रिज्म' की मारक क्षमता 500 किलोमीटर



टॉमहॉक के अलावा अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संघर्ष में पहली बार अपनी नई और अत्यधिक सटीक प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल (पीआरएसएम), जिसे 'प्रिज्म' मिसाइल भी कहा जा रहा है, का इस्तेमाल किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के फुटेज और रिपोर्टों से पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' के दौरान इस मिसाइल का उपयोग किया गया। यह मिसाइल लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित की गई अगली पीढ़ी की मिसाइल जो हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम लॉन्चर से दागी जाती है। इसकी रेंज 500 किमी से अधिक है और यह 640 किमी तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम बताई गई है।

## हाइफा में तेल रिफाइनरी पर हमला, लगी आग



इजराइल के बंदरगाह शहर हाइफा में हुए हमले में एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। हमले के चलते रिफाइनरी में आग लग गई और रिफाइनरी से काला धुआं उठता देखा गया। जिस रिफाइनरी को निशाना बनाया गया, वह बाजान तेल रिफाइनरी है और इस जगह पर बीती 19 मार्च को भी हमला हुआ था। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि इजराइली एयर डिफेंस ने दो ड्रोन और पांच रॉकेट को इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। ये हमले यमन से किए गए। माना जा रहा है कि हूती विद्रोहियों ने ये हमले किए। ईरान से भी रविवार को इजराइली पर मिसाइल हमले किए गए।

# भारतीयों की सुरक्षा और सहायता प्राथमिकता, वापसी की व्यवस्था कर रहे, मिशन संपर्क में: असीम महाजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। विदेश मंत्रालय में खाड़ी मामलों के अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि भारतीय नाविकों और अन्य नागरिकों के कल्याण के लिए भारतीय मिशन लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कांसुलर सहायता, परिवारों से संपर्क और वापसी की व्यवस्था की जा रही है। सरकार संकटग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों, विशेष रूप से भारतीय नाविकों की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनके स्वदेश लौटने के अनुरोधों पर कार्रवाई की जा रही है।

## 24 घंटों में लौटे 8 भारतीय नाविक



बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक संयुक्त अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बोलते हुए कहा कि सभी भारतीय जहाजों और चालक दल पर वर्तमान में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में 8 नाविक सुरक्षित रूप से भारत लौट आए हैं। सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी में मौजूद 18 भारतीय जहाज और उन पर सवार 485 नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न हुई अप्रिय घटनाओं में 8 भारतीय नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हाल ही में कुवैत में एक भारतीय नागरिक की हमले में मृत्यु हो गई। विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## *ऑनलाइन बुकिंग में 95% की वृद्धि*

*सरकार ने कहा है कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। इससे माल की हेराफेरी को रोकने में मदद मिली है।*

## पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में 'नाराजगी'

**एजेंसी/वॉशिंगटन।** एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

## भारतीय राजदूत और कुवैत एयरवेज के चेयरमैन के बीच अहम् बैठक

**एजेंसी/नई दिल्ली।** कुवैत में मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा हालात के बीच भारत की राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात कर उड़ानों के पुनः संचालन और भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर अहम चर्चा की। कुवैत में भारत की नामित राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात की। यह मुलाकात मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और कुवैत के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने के मद्देनजर एयरलाइन कंपनियों के साथ चल रहे समन्वय का हिस्सा थी।




**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28